LKS
दैनिक लोकतंत्र की शान
RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com
दिल्ली से प्रकाशित
मंगलवार 26 मई 2026
लोकतंत्र का स्तंभ

# कंचनजंगा सिक्किम की चेतना और विरासत का प्रतीक : मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली



सिक्किम के राज्य गठन के 51वें वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत की सराहना करते हुए कंचनजंगा को सिक्किम की भूमि, स्मृतियों और चेतना का रक्षक बताया है। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा लिखे गए एक लेख को साझा करते हुए कहा कि कंचनजंगा केवल एक पर्वत श्रृंखला नहीं, बल्कि सिक्किम की पहचान, आस्था और विकास यात्रा का महत्वपूर्ण प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि सिक्किम अपने राज्यत्व के 51वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है और इस अवसर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कंचनजंगा के महत्व को बेहद संवेदनशील और प्रेरणादायक ढंग से प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लेख में कंचनजंगा के पांच खजानों का उल्लेख किया गया है, जो सिक्किम की प्रगति और "विकसित सिक्किम 2047" की दिशा में मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने लेख में लिखा कि कंचनजंगा का नाम आते ही हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियां, प्रार्थना झंडे और बादलों से घिरी पर्वत श्रृंखलाएं आंखों के सामने उभर आती हैं। उन्होंने बताया कि सिक्किम की लगभग एक चौथाई भूमि कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आती है और यह क्षेत्र सदियों से स्थानीय समुदायों की आस्था और लोककथाओं का केंद्र रहा है। महान लामा ल्हात्सुन चेनपो ने कंचनजंगा की पांच चोटियों को "शाश्वत बर्फ के पांच खजाने" बताया था, जिनमें सोना, चांदी, रत्न, अनाज और पवित्र ग्रंथ शामिल हैं। सिंधिया ने कहा कि पहला खजाना सोना सिक्किम के लोगों और उनकी सामाजिक एकता का प्रतीक है। लेपचा, भूटिया और नेपाली समुदायों के बीच सामंजस्य और सद्भाव राज्य की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य का विकास तभी स्थायी हो सकता है, जब उसमें सामाजिक विश्वास और सामूहिक सहभागिता हो। उन्होंने बताया कि दूसरा खजाना चांदी सिक्किम की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता को दर्शाता है। तीस्ता और रंगीत नदियां, घने जंगल, पहाड़ी ढलानों पर फैले चाय बागान और जैविक वातावरण राज्य को विशिष्ट पहचान देते हैं। तीसरे खजाने के रूप में उन्होंने सिक्किम की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख किया। मठों, बुद्ध पार्क, भलेधुंगा स्काईवॉक और गुरु पद्मसंभव से जुड़े पवित्र स्थलों को उन्होंने राज्य की आध्यात्मिक धरोहर बताया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने फालता की जीत पर बंगाल के भाजपा कार्यकर्ताओं को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की फालता विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रिकार्ड जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की जीत और गंडागर्दी की हार है। उन्होंने इस जीत के लिए पश्चिम बंगाल के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने देररात एक्स पर लिखा, '' फालता के लोगों ने अपना फैसला सुना दिया है। लोकतंत्र की जीत हुई है और डराने-धमकाने वाली ताकतों की हार। रिकार्ड अंतर से जीत हासिल करने के लिए श्री देबांग्शु पांडा जी को बधाई। यह पश्चिम बंगाल की जनता का भाजपा के प्रति अटूट विश्वास दर्शाता है। लोग पश्चिम बंगाल सरकार के हर क्षेत्र में किए जा रहे बेहतरीन कामों को देख रहे हैं और इसीलिए उन्होंने हमें अपना और आशीर्वाद देने का फैसला किया है। उन्होंने दूसरी पोस्ट पर लिखा, '' पश्चिम बंगाल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके शानदार काम के लिए मेरी बधाई। आने वाले समय में भी हम पश्चिम बंगाल की प्रगति के लिए काम करते रहेंगे। फालता की जीत पश्चिम बंगाल की जनता के भाजपा में अटूट विश्वास का प्रमाण है। पश्चिम बंगाल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके असाधारण प्रयासों के लिए मेरी बधाई।

## अमित शाह करेंगे सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा, सुरक्षा व्यवस्था की करेंगे समीक्षा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अगले कुछ दिनों में देश के विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करेंगे और सीमा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर उच्चस्तरीय बैठकें करेंगे। इस दौरान वह सुरक्षा बलों के जवानों से संवाद करने के साथ-साथ सीमा क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा भी करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह के कार्यालय के मुताबिक गृहमंत्री 25 मई की रात राजस्थान के बीकानेर पहुंचेंगे। इसके बाद 26 मई की सुबह वह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सीमा चौकी सांचू का दौरा करेंगे। वहां वह जवानों से बातचीत करेंगे तथा सुरक्षा बलों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद दोपहर दो बजे बीकानेर में सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित होगी। बैठक में गृह मंत्रालय, राजस्थान सरकार और बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। साथ ही राजस्थान के पांच सीमावर्ती जिलों के जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहेंगे। गृहमंत्री 29 मई को गुजरात के भुज का दौरा करेंगे। इस दौरान वह बीएसएफ की सीमा चौकी का निरीक्षण करेंगे और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हरामी नाला क्षेत्र का भी दौरा करेंगे।

ज्वलंत मुद्दा | संपादकीय

## घटता विदेशी मुद्रा भंडार, भारतीय अर्थव्यवस्था पर बढ़ता संकट



भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर पिछले कुछ वर्षों में जिस प्रकार से "विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था" का प्रचार किया गया, उसके पीछे की वास्तविकता अब धीरे-धीरे सामने आने लगी है। शेयर बाजार को रिकॉर्ड स्तर पर, विदेशी निवेश और बढ़ते विदेशी मुद्रा भंडार को आर्थिक मजबूती का प्रतीक बताया गया था। अब वही संकेतक गंभीर संकट की ओर इशारा कर रहे हैं।

पिछले दस वर्षों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय शेयर बाजार में भारी निवेश किया, यह निवेश दीर्घकालिक औद्योगिक विकास की बजाय अल्पकालिक मुनाफाखोरी पर आधारित रहा। जब-जब वैश्विक परिस्थितियां अनुकूल रहीं, विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से बड़ा लाभ कमाया। भारतीय शेयर बाजार का अपयोग सट्टा बजार के रुप में करके विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से भारी कमाई की है। शेयर बाजार में संकट आते ही भारी निकासी शुरू कर दी। पिछले दो वर्षों में ही लगभग 78 बिलियन डॉलर की निकासी यह साबित करती है, विदेशी निवेशक पूंजी भारत को स्थायी विकास में साझेदार नहीं, बल्कि लाभ कमाने का बाजार मानकर कमाई कर भारतीय पूंजी को विदेश तो जा रही थी। इसके विपरीत भारतीय संस्थागत निवेशकों—बैंक, बीमा कंपनियां और म्यूचुअल फंड—ने बाजार को संभालने के लिए लगातार शेयर बाजार में निवेश किया। इसका अर्थ यह है कि शेयर बाजार की वास्तविक मजबूती घरेलू निवेश पर टिकी हुई है। जबकि विदेशी निवेशकों ने निवेश निकालकर अस्थिरता को बढ़ाने का काम किया है।

स्थिति की गंभीरता केवल शेयर बाजार तक सीमित नहीं है। भारत का आयात, लगातार निर्यात से अधिक कई वर्षों से बना हुआ है। कच्चे तेल, गैस और उर्वरक जैसे आवश्यक उत्पादों के लिए भारत को भारी मात्रा में डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। अंतरराष्ट्रीय तनाव, विशेषकर पश्चिम एशिया के संकट और अमेरिका-ईरान टकराव ने ऊर्जा कीमतों को बढ़ाया है। दूसरी ओर डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। यदि रुपया 100 प्रति डॉलर के स्तर तक पहुंचता है, तो आयातित महंगाई और भी भयावह हो जाएगी। चिंता का सबसे बड़ा विषय विदेशी मुद्रा भंडार है। जिस विदेशी मुद्रा भंडार को सरकार आर्थिक सुरक्षा कवच बताती रही है। उसकी वास्तविक स्थिति अब भारी दबाव में दिखाई दे रही है। रिजर्व बैंक रुपए को संभालने के लिए बाजार में डॉलर बेच रहा है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ रहा है। यदि यही स्थिति जारी रही, तो भारत को भुगतान संतुलन संकट का सामना करना पड़ सकता है। 1991 के आर्थिक संकट की यादें फिर ताजा होने लगी हैं।

सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

संक्षिप्त समाचार

## गडकरी ने राजस्थान के 10,064 किमी राष्ट्रीय राजमार्गों की गुणवत्ता, रखरखाव की समीक्षा की



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को राजस्थान में 10,064 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों की गुणवत्ता और रखरखाव स्थिति की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने यह समीक्षा मीडिया एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर की। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि यहां आयोजित समीक्षा बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा के साथ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा परियोजनाओं से जुड़े ठेकेदार मौजूद रहे। बैठक में गडकरी ने परियोजनाओं को समय पर पूरा करने, गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन करने और टिकाऊ एवं प्रभावी राजमार्ग अवसंरचना के विकास के लिए उन्नत तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत राजमार्ग नेटवर्क संपर्क सुविधा बढ़ाने, आर्थिक गतिविधियों को गति देने और यात्रियों की सुविधा सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को मानसून से पहले आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और राजमार्ग परिसंपत्तियों की दीर्घकालिक मजबूती बनाए रखने के लिए पूर्व तैयारी, रोकथाम उपायों और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## एथेनॉल आधारित स्टोव से सस्ता होगा खाना बनाना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देश में विकसित एथेनॉल आधारित स्वदेशी कुकिंग स्टोव तकनीक का अनावरण करते हुए दावा किया है कि इस तकनीक से खाना बनाने की लागत एलपीजी गैस की तुलना में कम होगी। नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह तकनीक न केवल घरेलू ऊर्जा खर्च को कम करने में मदद करेगी, बल्कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी बड़ा कदम साबित हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने युवाओं में विज्ञान और नवाचार के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए 40 करोड़ रुपये की नई परियोजना शुरू करने की भी घोषणा की। गडकरी ने बताया कि इस नए स्टोव में एथेनॉल और पानी के मिश्रण का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि केवल 7 प्रतिशत एथेनॉल को पानी में मिलाकर ऐसी लौ तैयार की जा सकती है, जो खाना पकाने के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। उनके अनुसार यह तकनीक पूरी तरह स्वदेशी है और भारतीय वैज्ञानिकों तथा इंजीनियरों द्वारा विकसित की गई है। उन्होंने कहा कि यदि इसे बड़े स्तर पर लागू किया जाता है, तो यह एलपीजी सिलेंडरों पर निर्भरता कम कर सकता है और आम लोगों के लिए रसोई गैस का सस्ता विकल्प बन सकता है। केंद्रीय मंत्री लंबे समय से एथेनॉल को वैकल्पिक ईंधन के रूप में बढ़ावा देते रहे हैं। उनका मानना है कि एथेनॉल के इस्तेमाल से भारत की आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम होगी और किसानों को भी आर्थिक लाभ मिलेगा। वर्तमान में भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 87 प्रतिशत हिस्सा विदेशों से आयात करता है, जिससे ऊर्जा सुरक्षा सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।

## अब आर्मी हॉस्पिटल में आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक से हो सकेगा कैंसर का उपचार



**नई दिल्ली।** दिल्ली के आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) में अब कैंसर का इलाज आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक से हो सकेगा, क्योंकि सोमवार को रिंग गैन्ट्री आधारित लीनियर एक्सेलरेटर की शुरुआत की गई है। अस्पताल के विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग में यह उन्नत तकनीक कैंसर मरीजों के लिए वरदान साबित होगी, जिससे उपचार क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है। आर्मी हॉस्पिटल के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास ने बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में शुरू की गई यह सुविधा सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए उन्नत रेडियोथेरेपी तक पहुंच में सुधार करेगी। यह लीनियर एक्सेलरेटर वॉल्यूमेट्रिक माड्यूलेटेड आर्क थेरेपी, इंटेंसिटी-मॉड्यूलेटेड रेडिएशन थेरेपी, इमेज-गाइडेड रेडिएशन थेरेपी, स्टीरियोटैक्टिक बॉडी रेडिएशन थेरेपी और स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी सहित आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीकों को प्रदान करने में सक्षम है। यह आसपास के सामान्य ऊतकों पर विकिरण के प्रभाव को कम करते हुए ट्यूमर कोशिकाओं तक सटीक विकिरण पहुंचाने में मदद करता है, जिससे उपचार के बेहतर परिणाम और रोगी की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होती है। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) के अंतर्गत लीनियर एक्सेलरेटर की खरीद पहले के उपकरणों की तुलना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन पुरानी तकनीक आधारित उपकरणों का अब इस्तेमाल नहीं किया जाता है।


# दस दिन में चौथी बार बढ़े ईंधन के दाम, पेट्रोल 2.61 रुपये, डीजल 2.71 रुपये हुआ महंगा

एजेंसी। नई दिल्ली




पश्चिम एशिया संकट के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज एक बार फिर इजाफा किया है। तेल कंपनियों ने पेट्रोल की कीमत 2.61 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल के दाम 2.71 रुपये प्रति लीटर बढ़ाये हैं। पिछले 10 दिन में यह चौथी बढ़ोतरी हैं। नई दरें लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल के वेबसाइट के मुताबिक राष्टीरय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 2.61 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 102.12 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जो पहले 99.51 रुपये प्रति लीटर थी। वहीं, डीजल के दाम 2.71 रुपये बढ़कर 95.20 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गए हैं, जो पहले 92.49 रुपये प्रति लीटर था। इसके अलावा कोलकाता में पेट्रोल 113.51 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है, जहां 2.87 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। मुंबई में इसका भाव 111.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है, जबकि चेन्नई में कीमत 107.77 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गई। इसी तरह कोलकाता में डीजल की कीमत 99.82 रुपये प्रति लीटर हो गई है। मुंबई में डीजल का दाम 97.83 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया। विशेषज्ञों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में की गई यह वृद्धि वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और रुपये में कमजोरी के बीच की गई है। वैश्विक कच्चे तेल की कीमत बढ़ने और रुपये के कमजोर होने से तेल विपणन कंपनियों की आयात लागत पर दबाव बढ़ा है। इससे पहले शनिवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में 87 पैसे और 91 पैसे प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हुई थी। पेट्रोल-डीजल के दाम में फिर से हुई बढ़ोतरी पर आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा, "पिछले 10 दिनों में ही पेट्रोल-डीजल की कीमत साढ़े सात रुपये बढ़ गई है। देश में अब ऐसा कोई शहर या राज्य नहीं बचा है जहां पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर से कम में मिल रहा हो। एक गरीब आदमी आखिर ईंधन का खर्च कैसे उठाएगा? उल्लेखनीय है कि ईंधन की कीमतों में 15 मई को पहली बार संशोधन हुआ था। तब से अब तक पेट्रोल और डीजल के दाम कुल मिलाकर करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर बढ़ चुके हैं। ईंधन की बढ़ती कीमतों ने मध्यम वर्ग और रोजाना वाहन इस्तेमाल करने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

## अफ्रीका दिवस पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दी शुभकामनाएं, साझेदारी मजबूत करने की जताई प्रतिबद्धता



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को 'अफ्रीका दिवस' के अवसर पर अफ्रीकी देशों और वहां के नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भारत और अफ्रीका के बीच लंबे समय से चले आ रहे सहयोगात्मक संबंधों को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में लिखा, "पूरे अफ्रीका महाद्वीप में हमारे सभी भागीदारों को 'अफ्रीका दिवस' की शुभकामनाएं। हमारी साझेदारी साझा सफर, आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित है। हम अपनी एकजुटता को मजबूत करने तथा अपनी साझेदारी को और गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि भारत और अफ्रीकी देशों के संबंध केवल कूटनीतिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार और मानवीय सहयोग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लगातार मजबूत हो रहे हैं।उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने रविवार को अफ्रीका में तेजी से फैल रहे इबोला संक्रमण से निपटने के लिए मानवीय सहायता के तहत चिकित्सा सामग्री और सुरक्षा किटों की पहली खेप रवाना की थी।

## आतंकी फंडिंग मामले में कश्मीर में तीन स्थानों पर एनआईए का छापा, दस्तावेज, उपकरण जब्त



**जम्मू।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेआईआई) से जुड़े आतंकी फंडिंग मामले में तीन जगहों पर छापेमारी की। श्रीनगर और शोपियां जिलों में चलाए गए इन तलाशी अभियानों के दौरान एजेंसी ने कई संदिग्ध वित्तीय दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं, जिनका संबंध जेआईआई और उससे जुड़े विभिन्न ट्रस्टों एवं संगठनों की गतिविधियों से बताया जा रहा है। एनआईए के अनुसार जांच में अब तक सामने आया कि जेआईआई आतंकी फंड जुटाने और घाटी सहित देश के अन्य हिस्सों में आतंकवाद को बढ़ावा देने में सक्रिय था। संगठन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी कल्याणकारी गतिविधियों के नाम पर चंदा इकट्ठा करता था और इसको हिंसक और अलगाववादी गतिविधियों की ओर मोड़ देता था। यह धनराशि हिज्ब-उल-मुजाहिदीन जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों तक भी पहुंचाई जाती थी, जिसके लिए संगठन ने अपने कैडरों का संगठित नेटवर्क तैयार किया था। एजेंसी ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया है कि जेआईआई की साजिश में कश्मीरी युवाओं को कट्टरपंथी बनाना और उन्हें नए सदस्य के रूप में भर्ती करना शामिल था।

## देश में पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास जारी : सरकार

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण कच्चे तेल, एलपीजी और प्राकृतिक गैस के आयात पर असर पड़ा है, लेकिन देश में पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं। सरकार ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्थिति पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने अंतर-मंत्रालयी प्रेसवार्ता में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण हमारे आयात पर असर पड़ा है, जिसमें करीब 40 फीसदी कच्चा तेल, 90 फीसदी एलपीजी, और लगभग 65 फीसदी नेचुरल गैस शामिल है। उन्होंने कहा कि रिफाइनरी में एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है और अब यह प्रतिदिन लगभग 50 हजार टन तक पहुंच रहा है। पीएनजी कनेक्शनों के संबंध में कहा कि 7.99 लाख कनेक्शनों में गैस पहुंचा दी गई है। लगभग 2.87 लाख कनेक्शन गैस आपूर्ति के लिए तैयार हैं, क्योंकि इसके लिए ज़रूरी ढांचा पहले ही तैयार किया जा चुका है, और 8.27 लाख से अधिक ग्राहकों ने पीएनजी कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराया है। संयुक्त सचिव ने कहा कि घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) कुकिंग गैस की आपूर्ति के लिए पिछले चार दिनों में 1.66 करोड़ बुकिंग के मुकाबले लगभग 1.72 करोड़ सिलेंडर पहुंचाए गए हैं। इनमें से 95 फीसदी सिलेंडरों की डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड के साथ पूरी की गई हैं। उन्होंने बताया कि वितरकों ने रविवार को भी काम किया और उस दिन भी एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 मई को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का एक बेहद सफल दौरा किया।

# शांति समझौते के लिए कोई जल्दी नहीं: ट्रंप

एजेंसी। वॉशिंगटन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित शांति समझौते को लेकर अपना रुख स्पष्ट करते हुए एक बार फिर सख्त संकेत दिए हैं। उन्होंने साफ किया है कि ईरान के साथ वार्ता कर रहे अमेरिकी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिए गए हैं कि समझौते को लेकर किसी भी तरह की जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं है। इस प्रक्रिया को पूरी सावधानी और समय लेकर आगे बढ़ाया जाना चाहिए, ताकि दोनों देशों के बीच जारी गतिरोध को सही तरीके से समाप्त किया जा सके। डोनाल्ड ट्रंप ने जोर देकर कहा कि इस पूरे मामले में समय और परिस्थितियां फिलहाल अमेरिका के पक्ष में हैं। अपने बयान में अमेरिकी राष्ट्रपति ने दृढ़ता से दोहराया कि किसी भी परिस्थिति में ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने या उसे अपने पास रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने साल 2015 में तत्कालीन अमेरिकी प्रशासन द्वारा ईरान के साथ की गई पुरानी परमाणु डील की कड़े शब्दों में आलोचना की। उन्होंने उस समझौते को अब तक के सबसे खराब फैसलों में से एक बताते हुए कहा कि पूर्ववर्ती नीतियों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बढ़ावा देने का काम किया था। वर्तमान प्रशासन की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी बातचीत अत्यंत व्यवस्थित और मजबूत तरीके से आगे बढ़ रही है, जो पहले के ढीले रवैये से पूरी तरह अलग है। होर्मुज स्ट्रेट के गतिरोध पर बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि इस क्षेत्र के बाहर लगी अमेरिकी नाकेबंदी पूरी ताकत के साथ अपना प्रभाव बनाए हुए है। यह आर्थिक और रणनीतिक नाकेबंदी तब तक पूरी सख्ती से जारी रहेगी, जब तक कि दोनों देशों के बीच एक ठोस और अंतिम समझौता नहीं हो जाता और उस पर हस्ताक्षर नहीं हो जाते। उन्होंने दोनों पक्षों को सही और दीर्घकालिक समाधान के लिए पर्याप्त समय लेने की सलाह दी है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पहले के मुकाबले अब ईरान के साथ संबंध अधिक पेशेवर हुए हैं, लेकिन ईरान को यह स्पष्ट रूप से समझना होगा कि वह परमाणु बम नहीं बना सकता। इस संकट के दौरान साथ देने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ने मध्य-पूर्व के सहयोगी देशों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि युद्ध के कठिन समय में इन देशों ने अमेरिका का ऐतिहासिक सहयोग किया है। भविष्य की संभावनाओं को लेकर उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में स्थितियां पूरी तरह सामान्य होने पर ईरान भी इन क्षेत्रीय शांति प्रयासों का हिस्सा बन सकता है।

## ट्विशा शर्मा मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त मीडिया से संयम बरतने की अपील

**नई दिल्ली।** मॉडल और अभिनेत्री ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान मीडिया और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की। मामले की सुनवाई तीन सदस्यीय पीठ कर रही है, जिसकी अध्यक्षता भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत कर रहे हैं। अदालत ने कहा कि मामले को लेकर मीडिया में आ रहे बयानों और चर्चाओं से जांच प्रभावित हो सकती है, इसलिए किसी भी पक्ष को सार्वजनिक बयानबाजी से बचना चाहिए। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि मृतका की सास एक पूर्व जिला न्यायाधीश हैं और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्यायपालिका पर ट्रायल में देरी के आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने मीडिया से अपील की कि वह रिश्तेदारों और परिचितों के बयानों को सनसनीखेज तरीके से पेश न करे। अदालत ने यह भी कहा कि जांच प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में पूरा होने दिया जाना चाहिए। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सरकार ने कहा कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाएगी।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

खास खबर

## कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया




**लोकतंत्र की शानः नई दिल्ली।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पार्टी नेतृत्व के बुलावे पर सोमवार को दिल्ली पहुंचे। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें मंगलवार, 26 मई को बैठक के लिए बुलाया है। इससे राज्य में एक बार फिर नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें तेज हो गई हैं।दिल्ली पहुंचने पर सिद्धारमैया ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने 26 मई सुबह 11 बजे बैठक के लिए बुलाया है। बैठक का एजेंडा उन्हें मालूम नहीं है और अटकलें हमेशा रहती हैं।इस बीच कर्नाटक कांग्रेस के नेता रमेश बाबू ने कहा कि यह बैठक नियमित कार्य का हिस्सा है। राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है और पार्टी को तीन उम्मीदवार तय करने हैं। इसके अलावा कुछ दिनों में विधान परिषद चुनाव भी होने हैं जिसमें सात सदस्यों का चयन करना है। साथ ही कर्नाटक विधानसभा का सत्र भी बुलाना है। इन मुद्दों पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को दिल्ली बुलाया गया है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरे होने के बीच यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पिछले डेढ़ साल से डीके शिवकुमार के समर्थक लगातार दावा करते रहे हैं कि जल्द ही नेतृत्व परिवर्तन होगा और उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। हालांकि अब तक ऐसा नहीं हुआ है। पार्टी के भीतर इस मुद्दे को लेकर असमंजस बना हुआ है।

## जंतर-मंतर पर प्रदर्शन मामले में कांग्रेस नेता अलका लांबा दोषी करार, सजा 5 जून को




**लोकतंत्र की शानः नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 2024 में महिला आरक्षण के मामले पर निषेधाज्ञा का उल्लंघन करके जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के मामले में कांग्रेस नेता अलका लांबा को दोषी करार दिया है। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट अश्विनी पंवार ने अलका लांबा की सजा की अवधि के मामले पर 5 जून को सुनवाई करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 4 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में कोर्ट ने 14 जनवरी को अलका लांबा के खिलाफ औपचारिक रुप से आरोप तय करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 221, 233ए और 285 के तहत अलका लांबा के खिलाफ आरोप तय किये थे। कोर्ट ने 20 दिसंबर 2025 को संबंधित घटना का वीडियो देखा था, जिसमें पाया गया कि वो बलपूर्वक लोकसेवक को उसके काम में बाधा पहुंचा रही थीं। वो बैरिकेड पार कर प्रदर्शनकारियों को उकसा रही थीं। कोर्ट ने 20 अगस्त, 2025 को दिल्ली पुलिस की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए अलका लांबा को समन जारी किया था। कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 221, 223(ए), 132 और 285 के तहत संज्ञान लिया था। मामला 29 जुलाई, 2024 को जंतर-मंतर पर महिला कांग्रेस का महिला आरक्षण को लेकर प्रदर्शन था। उस प्रदर्शन में मुख्य वक्ता अलका लांबा थीं। दिल्ली पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा का आदेश जारी किया था। अलका लांबा पर आरोप है कि उन्होंने निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए करीब डेढ़ बजे दूसरे प्रदर्शनकारियों के साथ टालस्टाय मार्ग पर लगे बैरिकेड पर पहुंचीं और नारेबाजी करने लगीं। वे संसद का घेराव करने पर आमदा थे। मौके पर मौजूद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने लाउडस्पीकर से निषेधाज्ञा के बारे में प्रदर्शनकारियों को जानकारी दी और प्रदर्शन खत्म करने की चेतावनी दी। दिल्ली पुलिस के मुताबिक अलका लांबा और उनके समर्थकों ने महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों को धक्का देकर बैरिकेड को पार किया और कुछ प्रदर्शनकारियों ने संसद मार्ग रोड को जाम कर दिया। पुलिस के काफी समझाने के बाद भी अलका लांबा और दूसरे समर्थक वहां से नहीं हटे, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर दिया।

## दिल्ली जिमखाना क्लब ने खाली करने के ऑर्डर के खिलाफ हाई कोर्ट का रुख किया, कल सुनवाई




**लोकतंत्र की शानः नई दिल्ली।** दिल्ली जिमखाना क्लब ने केंद्र सरकार की ओर से परिसर खाली करने के नोटिस के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। सोमवार को जिमखाना क्लब की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने जस्टिस अवनीश झींगन की कोर्ट में मेंशन करते हुए जल्द सुनवाई की मांग की। उसके बाद कोर्ट ने 26 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया। दिल्ली जिमखाना क्लब के सदस्य विजय खुराना ने दायर याचिका में कहा है कि केंद्र सरकार ने जिमखाना क्लब को नोटिस जारी कर उसके 27.3 एकड़ में फैले परिसर को 5 जून तक खाली करने का आदेश दिया है। इससे पहले 22 मई को भूमि और विकास कार्यालय ने जिमखाना क्लब का परिसर खाली करने का आदेश दिया था। केंद्र सरकार ने कहा है कि जिमखाना क्लब प्रधानमंत्री आवास और दूसरे महत्वपूर्ण सुरक्षा ठिकानों के पास है। केंद्र सरकार ने कहा है कि रक्षा और दूसरे महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत करने के लिए जिमखाना क्लब की भूमि की जरूरत है।

## नीट पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट का केंद्र व एनटीए को नोटिस



**लोकतंत्र की शानः नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश की परीक्षा नीट-यूजी पेपर लीक मामले में कार्रवाई की मांग वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी किया है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि एनटीए ने पिछली घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया।कोर्ट ने एनटीए से कहा कि वह हाई पावर्ड कमेटी की सिफारिशों पर उठाए गए कदमों की तीन दिनों के अंदर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे। ये कमेटी 2024 के आदेश के बाद बनाई गई थी, ताकि नीट व्यवस्था को मजबूत करने के सुझाव मिल सकें। याचिका फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) और यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट के अलावा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद सुधाकर सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अनुभव गर्ग, डॉ. ध्रुव और हरिशरण देवगन ने दायर की है। याचिका नीट परीक्षा में सुधार और पारदर्शिता को लेकर दाखिल की गई है। याचिका में मेडिकल प्रवेश परीक्षा को पूरे तरीके से बदलने और एनटीए पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि एनटीए को हटाकर एक नई अथॉरिटी का गठन कया जाना चाहिए जिसकी वैधानिक जवाबदेही और न्यायिक निगरानी हो। याचिका में मांग की गई है कि 21 जून को नीट की होने वाली परीक्षा पेन और पेपर की बजाय कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) हो। याचिका में कहा गया है कि पूरी परीक्षा को सीबीटी में बदलने के लिए समयबद्ध योजना बनायी जानी चाहिए। इसमें साइबर सुरक्षा, परीक्षा केंद्रों का बुनियादी ढांचा और अभ्यर्थियों की पहुंच का पूरा ब्यौरा शामिल हो। याचिकाओं में नीट 2026 के आयोजन में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के प्रणालीगत विफलता को चुनौती दी गई है। एफएआईएमए ने मामले की निगरानी उच्चतम न्यायालय द्वारा कराने और इसकी जांच उच्चतम न्यायालय के पूर्व जज की अध्यक्षता में कराने की मांग की गई है। याचिका में नीट 2026 दोबारा कराने की पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक हाई-पावर्ड मॉनिटरिंग कमेटी बनाने की मांग की गई है। याचिका में मांग की गई है कि जब तक नई स्वतंत्र परीक्षा संस्था औपचारिक रूप से नहीं बन जाती, तब तक इसी न्यायिक समिति की निगरानी में नीट 2026 की दोबारा परीक्षा कराई जाए।

# चाबी बनाने वाला बनकर घरों में घुसता था, फिर उड़ाता था नकदी-जेवर, गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** घरों में चोरी करने के लिए पहले खुद को चाबी बनाने वाला बताकर भरोसा जीतता था, फिर मौका मिलते ही ताले खोलकर नकदी, जेवर और कीमती सामान लेकर फरार हो जाता था। दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में पुलिस के लिए सिरदर्द बना एक अंतरराज्यीय शातिर सेंधमार को दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने दबोचा। आरोपित पर दिल्ली पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। वह कई मामलों में फरार चल रहा था और दो मामलों में अदालत उसे भगोड़ा अपराधी भी घोषित कर चुकी थी।क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने सोमवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की मध्य रेंज टीम ने आरोपित जोगिंदर सिंह (36) को अलीपुर इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपित मूल रूप से महाराष्ट्र का रहने वाला है। वह मध्य प्रदेश के इंदौर में भी रह चुका है। पुलिस के अनुसार आरोपित लंबे समय से दिल्ली समेत कई राज्यों में चोरी और घरों में सेंधमारी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। उसके खिलाफ चोरी और सेंधमारी के 10 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**मालवीय नगर चोरी मामले में था वांछितः**पुलिस के मुताबिक जोगिंदर सिंह दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर थाना क्षेत्र में दर्ज एक चोरी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। ई-एफआईआर संख्या 8003196/24 के तहत दर्ज इस मामले में घर का ताला तोड़कर नकदी, जेवर और अन्य कीमती सामान चोरी किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को आरोपित की भूमिका का पता चला, लेकिन गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा। अदालत की कार्रवाई से बचने के लिए भी वह लंबे समय से फरार था। आरोपित की लगातार तलाश के बाद दिल्ली पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपित कृष्णा नगर और गीता कॉलोनी थाना क्षेत्र के मामलों में भी भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए इंस्पेक्टर वीर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने आरोपित की तलाश में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश तक कई जगह दबिश दी। तकनीकी निगरानी, स्थानीय खुफिया तंत्र और मुखबिरों की मदद से आरोपित की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। वहीं पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपित गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश के बीच अपने ठिकाने बदल रहा था। 24 मई को क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि आरोपित दिल्ली के अलीपुर इलाके में आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने इलाके में जाल बिछाया। कुछ समय बाद संदिग्ध दिखाई देने पर पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने चोरी और सेंधमारी के कई मामलों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस अब उससे पूछताछ कर उसके अन्य साथियों और अन्य मामलों में भूमिका की जानकारी जुटा रही है।

**बेहद शातिर था चोरी का तरीकाः**पुलिस जांच में आरोपित का वारदात करने का तरीका भी सामने आया है। आरोपित खुद को चाबी बनाने वाला बताकर लोगों के घरों तक पहुंच बनाता था। कई बार वह घरों की रेकी करता था। मौका मिलते ही ताले खोलकर या तोड़कर नकदी, जेवर और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो जाता था।

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत घटने के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे, प्रधानमंत्री जनता की जेब काटकर अपने मित्रों की तिजोरी भर रहे- कांग्रेस

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्लीः** कांग्रेस ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत घटने के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता की जेब काटकर अपने मित्रों की तिजोरी भर रहे हैं। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने कहा कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी कह रहे थे कि देश में तेल का कोई संकट नहीं है, महंगाई नहीं बढ़ेगी। उन्होंने सवाल किया कि अगर सब सही है तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत घटकर लगभग 98 डॉलर प्रति बैरल होने के बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल क्यों महंगा हो रहा है? सोमवार को फिर से पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी क्यों की गई? पिछले 11 दिनों में पेट्रोल और डीजल के दाम लगभग आठ रुपये क्यों बढ़े? रागिनी नायक ने कहा कि जब देश की आम जनता त्राहिमाम कर रही है, तब 90 प्रतिशत घरेलू रिटेल बाजार को नियंत्रित करने वाली तेल कंपनियों (इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम) के चौथी तिमाही के संयुक्त शुद्ध लाभ में 41 प्रतिशत का उछाल आया है। उन्होंने बताया कि जनवरी से मार्च के बीच वैश्विक संकट के दौरान इन तेल कंपनियों का संयुक्त शुद्ध लाभ 19,470 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। रागिनी नायक ने कहा कि जब दूसरे देशों में पेट्रोल-डीजल पर जनता को राहत दी जा रही है, ऐसे में पिछले 12 वर्षों में एक्साइज ड्यूटी बढ़ा-बढ़ाकर 43 लाख करोड़ रुपये वसूलने के बाद भी सरकार महंगाई बढ़ाकर जनता की कमर तोड़ रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश में तेल और गैस की किल्लत के बावजूद अंबानी जैसे उद्योगपति तेल निर्यात कर मुनाफा कमा रहे हैं।

## पंजाब नगर निकाय चुनाव ईवीएम से कराने की मांग, सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पंजाब के नगर निकायों के चुनाव ईवीएम से कराने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि आप कोर्ट काफी देर से आए हैं। हम इस समय चुनाव में कोई व्यवधान नहीं डालना चाहते हैं।कोर्ट ने चुनावों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त करने की मांग से भी इनकार कर दिया। याचिका रुचिता गर्ग ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि पंजाब के नगर निकायों के चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग बैलेट पेपर से चुनाव करवा रहा है जबकि एडीआर के मामले में उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम से चुनाव कराने का आदेश दिया था। याचिकाकर्ता ने इसके पहले पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में भी याचिका दायर की थी। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने राज्य निर्वाचन आयोग के फैसले में कोई भी दखल देने से इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय में राज्य निर्वाचन आयोग ने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने समय से ईवीएम उपलब्ध नहीं कराये, जिसकी वजह से वो बैलेट पेपर से चुनाव आयोजित करवा रहा है। उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई थी। पंजाब में आठ नगरपालिका समेत 104 नगर निकायों के चुनाव 26 मई को होने वाले हैं। इन चुनावों की गिनती 29 मई को होगी।

## एमसीडी सदन से पहले कांग्रेस और आआपा का प्रदर्शन, नीट पेपर लीक मामले में धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सोमवार को आयोजित साधारण सभा की बैठक शुरू होने से पहले कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आआपा) के पार्षदों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। दोनों पार्टियों ने नीट प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सदन परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्षदों ने विरोध जताने के लिए मेलोडी चॉकलेट की माला पहनकर प्रदर्शन किया, जबकि आम आदमी पार्टी के पार्षद पोस्टर और बैनर लेकर सदन पहुंचे। विरोध प्रदर्शन के कारण सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बाधित हो गई, जिसके चलते बैठक को करीब 15 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों और प्रश्न पत्र लीक मामले ने देशभर के छात्रों और अभिभावकों का भरोसा कमजोर किया है।

## डबल चोरी कांड का पर्दाफाश, 4 आरोपित, एक नाबालिग और चोरी का माल खरीदने वाले दो लोग दबोचे

लोकतंत्र की शान

शांति सेवा न्याय
Delhi Police
SHANTI SEWA NYAYA

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस की एंटी बर्गलरी सेल ने दो अलग-अलग चोरी के मामलों का पर्दाफाश करते हुए सात लोगों को पकड़ा है। इनमें चार आरोपित, एक नाबालिग और चोरी का सामान खरीदने वाले दो लोग शामिल हैं। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से सोने की चेन, सोने की अंगूठी और करीब 25 किलो चोरी का तांबा व एल्युमीनियम बरामद किया है।पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपितों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। साथ ही तकनीकी निगरानी और मुखबिरों की सूचना का सहारा लिया गया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपित चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए अपने साथ विशेष औजार रखते थे। उत्तर पश्चिमी जिले की पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में विजय विहार निवासी सूरज प्रकाश उर्फ सचिन, जहांगीरपुरी निवासी विजय हलदार, सौरभ विश्वास और सोनू विश्वास शामिल हैं। इसके अलावा चोरी का सामान खरीदने वाले मोहम्मद मोइन और राज किशोर को भी पकड़ा गया है। वहीं एक नाबालिग को भी मामले में पकड़ा गया है।

**अशोक विहार में घर से जेवर चोरी करने वाला दबोचाः**पुलिस उपायुक्त के अनुसार पहला मामला भारत नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक एक मई को अशोक विहार स्थित बुनकर कॉलोनी के एक मकान में चोरी की सूचना मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि घर से तीन सोने की अंगूठियां और एक सोने की चेन चोरी हो गई। चोरी हुए जेवरों का कुल वजन करीब 22 ग्राम बताया गया। मामला दर्ज होने के बाद एंटी बर्गलरी सेल की टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी विश्लेषण किया। जांच के दौरान पुलिस सूरज प्रकाश उर्फ सचिन तक पहुंची। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक सोने की चेन और एक सोने की अंगूठी बरामद की। जांच में सामने आया कि सूरज प्रकाश आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले से चोरी के 14 मामले दर्ज हैं।

**जहांगीरपुरी में तांबा चोरी करने वाले भी पकड़े गएः**दूसरा मामला महेंद्र पार्क थाना क्षेत्र का है। यहां 17 मई को जहांगीरपुरी के रामगढ़ इलाके में तांबे का सामान चोरी होने की सूचना पुलिस को मिली थी। शिकायत के मुताबिक 40 से 50 किलो तांबे का सामान चोरी हुआ था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान पुलिस ने विजय हलदार, सौरभ विश्वास, सोनू विश्वास और एक नाबालिग को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि चोरी का सामान उन्होंने दो लोगों को बेच दिया था। इसके बाद पुलिस ने मोहम्मद मोइन और राज किशोर को भी दबोचा। उनकी निशानदेही पर करीब 25 किलो चोरी का तांबा, एल्युमीनियम और अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार विजय हलदार पहले भी आर्म्स एक्ट और जुआ अधिनियम के दो मामलों में शामिल पाया गया है। वहीं आरोपित वारदात को अंजाम देने के लिए विशेष औजार साथ रखते थे और मौका मिलने पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

# झारखंड में हत्या कर दिल्ली में छिपा था आरोपित, यमुना बाजार से दबोचा

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की मध्य रेंज टीम ने झारखंड के साहिबगंज जिले में हुए अपहरण और हत्या के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपित हत्या के बाद झारखंड से भागकर दिल्ली में छिपा हुआ था।पुलिस के अनुसार, मामूली विवाद के बाद शराब पीने के दौरान हुई कहासुनी में युवक की हत्या कर शव जंगल में छिपा दिया गया था। हैरानी की बात यह है कि वारदात में मृतक का सगा भाई भी शामिल था।क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने सोमवार को बताया कि झारखंड के साहिबगंज जिले के बोरियो थाने में 21 मई को एफआईआर नंबर-42/26 दर्ज हुई थी। मामला चंपई मरांडी नामक व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने से जुड़ा था। जांच के दौरान करीब 10 दिन बाद जंगल से शव बरामद हुआ, जिसके बाद मामले में हत्या की धाराएं जोड़ी गईं। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक आखिरी बार कुछ लोगों के साथ शराब पीते हुए देखा गया था। हत्या के बाद आरोपितों ने सबूत मिटाने के इरादे से शव जंगल में छिपा दिया और गांव छोड़कर फरार हो गए।इसी बीच दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच के हेड कांस्टेबल गौरव को सूचना मिली कि मामले का एक आरोपित सुखदेव मुर्मू उर्फ ताला दिल्ली के यमुना बाजार इलाके में हनुमान मंदिर के पास मौजूद है। मुखबिर ने बताया कि आरोपित ने कुछ लोगों के सामने अपने साथियों के साथ हत्या में शामिल होने की बात स्वीकार की थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने झारखंड पुलिस से संपर्क किया। बोरियो थाने के अधिकारियों ने पुष्टि की कि मामला अपहरण से शुरू हुआ था लेकिन शव मिलने के बाद हत्या की धाराएं जोड़ी गईं। साथ ही यह भी स्पष्ट हुआ कि आरोपित घटना के बाद से फरार चल रहे थे।सूचना पुख्ता होने के बाद क्राइम ब्रांच टीम ने यमुना बाजार इलाके में जाल बिछाया। तकनीकी निगरानी और लगातार नजर रखने के बाद 24 मई को सुबह करीब 11 बजे आरोपित सुखदेव मुर्मू को दबोच लिया गया। पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि 12 मई को वह, बाबूजी मरांडी, मंगल टुडू और चंपई मरांडी एक साथ शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सह-आरोपितों ने चंपई मरांडी का गला दबाकर हत्या कर दी, जबकि सुखदेव ने भी वारदात में उनकी मदद की। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि हत्या में शामिल लोगों में मृतक का सगा भाई भी शामिल था। हत्या के बाद शव जंगल में छिपाकर सभी आरोपित फरार हो गए थे। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपित सुखदेव मुर्मू झारखंड के साहिबगंज जिले का रहने वाला है। वह मजदूरी कर अपना गुजारा करता है और शराब पीने का आदी बताया गया है।

## मंत्री सिरसा ने यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने को लेकर की समीक्षा

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को ओखला में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कॉमन इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट्स (सीईटीपीएस) का निरीक्षण कर यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में अहम समीक्षा की। उन्होंने कहा कि औद्योगिक कूड़ा यमुना के प्रदूषित होने की भी एक बड़ी वजह है और सीईटीपीएस ही वो जगह हैं, जहां इस प्रदूषण को नदी में गिरने से पहले रोका जा सकता है। सिरसा ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पिछले 25 वर्षों में सीईटीपीएस को अपग्रेड करने को लेकर पिछली सरकारों ने वादे बहुत किए, लेकिन जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी सरकार का पूरा ध्यान इस प्रणाली को अपग्रेड करने, बेहतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने और इन्हें प्रभावी तरीके से संचालित करने पर है, ताकि सीईटीपी के माध्यम से यमुना में जाने वाला पानी साफ होकर जाए। सिरसा ने बताया कि इसी कड़ी में राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान द्वारा एक सर्वे भी कराया जा रहा है, ताकि टेक्नोलॉजी को अपग्रेड कर इन प्रणालियों को और असरदार बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जब सीईटीपीएस सही तरीके से काम करेंगे, तभी मां यमुना को नया जीवन मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा दशहरा पर रामगंगा पुल पर उमड़ा आस्था का सैलाब, बच्चों के मुंडन संस्कार के लिए दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु



**मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा, मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश /मुरादाबाद स्थित रामगंगा पुल पर गंगा दशहरा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही श्रद्धालु परिवारों सहित गंगा घाट पर पहुंचने लगे, जहां लोगों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ गंगा स्नान किया। इस दौरान काफी दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए। पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं का कहना है कि गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान और बच्चों का मुंडन संस्कार कराने का विशेष महत्व माना जाता है। इसी आस्था के चलते हजारों की संख्या में लोग रामगंगा पुल घाट पर पहुंचे। घाट पर सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्थानीय प्रशासन भी सक्रिय नजर आया। मुरादाबाद के पत्रकार शिवम गुप्ता ने सभी क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं को गंगा दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, जो लोगों को धर्म और मानवता से जोड़ने का कार्य करता है।

### पति के साथ गुजारे 15 साल, नंदोई पर आया दिल महिला नंदोई के साथ जेवर नगदी लेकर फरार



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा, हसनपुरः** सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मछरई के दर्जनों ग्रामीणों ने कोतवाली गेट पर नंदोई के साथ फरार हुई महिला की बरामदगी को लेकर कोतवाली गेट पर प्रदर्शन किया, बताते चलें कि ग्राम मछरई निवासी सर्वेश कुमार की 15 साल पहले एक महीला से शादी हुई थी जिनके दो बच्चे भी हैं, लेकिन शादी के 15 साल बाद महीला अपने नंदोई राकेश के साथ 23 मई की रात को पति को दूध में नशीली गोलियां मिलाकर बेहोश कर लगभग डेढ़ लाख रुपए की नगदी सहित सोने चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गई है जिसका पता सर्वेश को सुबह होश आने पर लगा जिसकी तहरीर 24 मई को चौकी पर दी गई थी, लेकिन सर्वेश एवं उनके परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की जिसको लेकर सर्वेश व ग्रामीणों ने सोमवार को कोतवाली गेट पर प्रदर्शन कर फरार महिला को बरामद करने तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, वही पीड़ित सर्वेश ने बताया कि इस साजिश में दो लोग और शामिल है, वही कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित पति की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है पुलिस ने मामले की सघन जांच शुरू कर दी है पुलिस की टीमें सर्विलांस की मदद से फरार महिला और आरोपी नंदोई की लोकेशन ट्रेस कर रही है और जल्द ही बरामद कर लिया जाएगा।

### डिप्टी सीएम ने गजरौला स्थित जुबिलेंट में पीपल का पौधा रोपित किया



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा, गजरौला।** बता ते चलें कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक दो दिवसीय दौरे पर अमरोहा आए हुए थे जिन्होंने रविवार को अमरोहा में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया तथा उसके उपरांत गजरौला स्थित जुबिलेंट के विश्रामगृह में रात्रि प्रवास किया तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अपने प्रवास के बाद सोमवार को जुबिलेंट परिसर में पीपल का पौधा रोपित किया। सोमवार की सुबह लगभग आठ बजे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने जुबिलेंट के गेस्ट हाउस से रवाना होने से पूर्व जुबिलेंट की वाटिका में पीपल का पौधा लगाया। उन्होंने पौधे को खाद एवं पानी भी दिया। इस मौके पर प्रदेश के वन एवं जन्तु कल्याण,पर्यावरण मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा, निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित के साथ ही वन विभाग के अधिकारी, भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### बिजली विभाग की दबंगई का आरोप, महिलाओं से बदसलूकी और घर में तोड़फोड़ से मचा हड़कंप



**मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा, रामपुर। उत्तर प्रदेश/ रामपुर।** थाना गंज क्षेत्र के थाना अस्तबल मोहल्ले में उस समय हड़कंप मच गया, जब बिजली विभाग की टीम पर एक वाल्मीकि परिवार ने गुंडागर्दी, महिलाओं से बदसलूकी और घर में तोड़फोड़ करने का गंभीर आरोप लगाया। पीड़ित महिला सपना वाल्मीकि ने थाना गंज पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता सपना वाल्मीकि के अनुसार बिजली विभाग के कुछ कर्मचारी, जो खुद को जेई बता रहे थे, चार-पांच अन्य लोगों के साथ उनके घर पहुंचे। आरोप है कि टीम ने आते ही परिवार के लोगों के साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया और महिलाओं के साथ बदतमीजी करते हुए अपशब्दों का प्रयोग किया। सपना ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर कर्मचारियों ने दबंगई दिखाते हुए घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। मकान की सीढ़ियां उखाड़कर फेंक दी गईं और टॉयलेट तक को नुकसान पहुंचाया गया। घटना के दौरान मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। पीड़ित परिवार का कहना है कि पूरे घटनाक्रम से परिवार दहशत में है। सपना वाल्मीकि ने थाना गंज में प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### ईद उल अजहा पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने को लेकर एसडीएम कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा, हसनपुर :** सोमवार को ईद उल अजहा के मौके पर नगर हसनपुर में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित तथा सुचारू रहने के संबंध में एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी हसनपुर के नाम संबोधित करते हुए एसडीएम की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार मनोज कुमार को दिया गया जिसमें विद्युत विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा गया कि विगत कई वर्षों से ईद उल अजहा के अवसर पर विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं दी जाती जिससे खासकर एक समुदाय को अपने मुख्य त्योहार पर बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है, ईद उल अजहा पर मुस्लिम समुदाय को अपने खाने-पीने के व्यंजनों को फ्रिज में रखने की आवश्यकता होती है विद्युत ना आने पर फ्रीज नहीं चल पाते जिससे खाने-पीने की वस्तुएं खराब हो जाती हैं, वहीं ज्ञापन देने वालों ने मांग करते हुए कहा है कि जैसे अन्य त्योहारों पर विद्युत नियमित रूप से सुचारू रहने के आदेश दिए जाते हैं उसी प्रकार मुस्लिम समुदाय के त्योहार पर भी विद्युत नियमित रूप से निर्बाध आपूर्ति किए जाने के आदेश दिए जाएं जिससे मुस्लिम समुदाय अपना त्यौहार सुविधाजनक तरीके से मना सके, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जाहिद अली पुत्र अब्दुल वाहिद तथा मोहम्मद नईम, मुस्तकीम, मोहम्मद अनस, जिया उल हक आदि मौजूद रहे।

# ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर कोतवाली में हुई अमन कमेटी की बैठक

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** सोमवार को कोतवाली परिसर में ईद उल अजहा (बकरीद) को लेकर अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने की, बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने सभी से त्योहार को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की, अमन कमेटी को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि खुले स्थानों पर कुर्बानी न करें, कुर्बानी केवल निर्धारित और निजी स्थानों पर ही की जाए।किसी भी हाल में प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दी जाए। त्योहार के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और कुर्बानी के अवशेषों को खुले में फेंकने के बजाय सही ढंग से निस्तारित किया जाए, और कहा कि किसी भी हाल में सड़क पर नमाज अदा न करे, वही उन्होंने सख्त हिदायत दी कि सोशल मीडिया पर कुर्बानी से संबंधित कोई भी वीडियो या फोटो साझा न करें। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की भड़काऊ या अफवाह फैलाने वाली पोस्ट डालने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उपस्थित गणमान्य लोगों ने अपने-अपने विचार रखें इस मौके पर नगर पालिका परिषद के बाबू करन सिंह द्वारा बताया गया कि नगर के संभल मार्ग,कनैटा रोड के अलावा पूठ रोड पर जानवरों की कुर्बानी के बाद अवशेषों के लिए गड्ढे बनाए गए है। इस मौके पर मुख्य रूप से कस्बा इंचार्ज अंकुर मलिक, नगर पालिका लिपिक करन सिंह, शहर इमाम मुफ्ती मेराजुद्दीन, चमन अंसारी, मारूफ प्रधान, शराफत मलिक, मकसूद अहमद और हाजी वसीम आदि सहित दर्जनों गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन को शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं शहर मुफ्ती इमाम मेराजुद्दीन ने सभी से ईद उल अजहा का त्यौहार शांतिपूर्ण एवं जानवरों की कुर्बानी पर्दे में करने तथा ईद की नमाज 6:30 बजे अदा किए जाने की अपील की।

## युगवीणा लाइब्रेरी में गूंजी सामाजिक एकता की हुंकार

**PDA महापंचायत में उमड़ा जनसैलाब, डॉ. अनीस बेग बोले- "शिक्षा और भाईचारा ही मजबूत भारत की असली ताकत"**

लोक तंत्र की शान

**(बरेली, उत्तर प्रदेश | संदीप चंद्रा)** बरेली के कैंट क्षेत्र स्थित युगवीणा लाइब्रेरी रविवार देर शाम सामाजिक जागरूकता, भाईचारे और जनएकता का केंद्र बन गई, जब यहां आयोजित PDA महापंचायत में हजारों लोगों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। लाइब्रेरी परिसर में देर शाम से ही लोगों की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। युवाओं, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को जनआंदोलन जैसा स्वरूप दे दिया। मुख्य वक्ता डॉ. अनीस बेग ने अपने ओजस्वी संबोधन से उपस्थित जनसमूह में नई ऊर्जा भर दी। जैसे ही उन्होंने मंच संभाला, पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्होंने कहा कि समाज और देश को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और भाईचारा सबसे प्रभावी हथियार हैं। डॉ. अनीस बेग ने युवाओं को





संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय केवल राजनीति का नहीं, बल्कि समाज निर्माण का समय है। यदि देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है, तो हर वर्ग को शिक्षित और जागरूक बनाना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह ताकत है, जो समाज के कमजोर वर्गों को नई पहचान और आत्मविश्वास देती है।

## अवैध वाटर पार्क में डूबकर किशोर की मौत

» परिजनों में मचा कोहराम, संचालक मौके से फरार

» प्रशासनिक लापरवाही पर उठे सवाल, क्षेत्र में फैली सनसनी

लोक तंत्र की शान



**संभल।** थाना नखासा क्षेत्र के ग्राम पीपली रहमापुर में अवैध रूप से संचालित एक वाटर पार्क में नहाने गए किशोर की डूबकर मौत हो जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, जबकि वाटर पार्क संचालक मौके से फरार बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पीपली रहमापुर निवासी सोहिल (16 वर्ष) पुत्र रहीस अहमद रविवार को गांव के पास संचालित उवेश खान वाटर पार्क में नहाने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नहाते समय किशोर अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं हादसे के बाद वाटर पार्क संचालक मौके से फरार हो गया, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त वाटर पार्क लंबे समय से बिना अनुमति एवं बिना सुरक्षा मानकों के संचालित किया जा रहा था। यहां प्रति बच्चे से 40 रुपये लेकर बच्चों को नहलाया जाता था, लेकिन सुरक्षा के नाम पर कोई इंतजाम नहीं थे। न तो प्रशिक्षित लाइफगार्ड मौजूद था और न ही किसी प्रकार के बचाव उपकरण लगाए गए थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते एक मासूम किशोर की जान चली गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई तथा लोगों ने अवैध रूप से संचालित स्विमिंग पूलों एवं वाटर पार्कों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## वार्ड नंबर 11 सालारपुर कलां में विकास की नई उम्मीद बनकर उभर रहे हैं डॉ. गुलाम मोहम्मद

लोक तंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी



**संभल।** जनपद सम्भल के वार्ड नंबर 11 सालारपुर कलां में जिला पंचायत सदस्य पद के संभावित प्रत्याशी डॉ. गुलाम मोहम्मद इन दिनों क्षेत्र में लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। गांव-गांव पहुंचकर जनता से मुलाकात करना, लोगों की समस्याएं सुनना और विकास को अपनी प्राथमिकता बताना उन्हें क्षेत्र की राजनीति में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित कर रहा है। डॉ. गुलाम मोहम्मद का कहना है कि जिला पंचायत केवल एक पद नहीं बल्कि ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। यदि जनप्रतिनिधि ईमानदारी और जिम्मेदारी से कार्य करे तो गांवों की तस्वीर बदली जा सकती है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य वार्ड नंबर 11 के प्रत्येक गांव तक विकास पहुंचाना और जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत के माध्यम से क्षेत्र में सड़क निर्माण, इंटरलॉकिंग, नाली व्यवस्था, पेयजल सुविधा, स्ट्रीट लाइट, स्कूलों का विकास, पंचायत भवन, तालाब सौंदर्यीकरण, कब्रिस्तान एवं श्मशान घाट की व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालय, सफाई व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे अनेक कार्य कराए जा सकते हैं। डॉ. गुलाम मोहम्मद ने कहा कि आज भी कई गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। खराब सड़कें, जलभराव, गंदगी और पानी की समस्या आम जनता के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई है। यदि जनता उन्हें मौका देती है तो वह क्षेत्र की हर समस्या को जिला पंचायत सदन में मजबूती से उठाकर विकास कार्य कराने का पूरा प्रयास करेंगे। क्षेत्र के युवाओं, बुजुर्गों और आम लोगों में भी उनके प्रति अच्छा माहौल देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि उन्हें ऐसे जनप्रतिनिधि की आवश्यकता है जो केवल चुनाव के समय नहीं बल्कि हर समय जनता के बीच मौजूद रहे। राजनीतिक गलियारों में भी डॉ. गुलाम मोहम्मद का नाम तेजी से चर्चा में है और उन्हें ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन All India Majlis-e-Ittehadul Muslimeen (एआईएमआईएम) से संभावित प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि विकास और जनसेवा के मुद्दों पर राजनीति होती है तो वार्ड नंबर 11 सालारपुर कलां में इस बार मुकाबला बेहद दिलचस्प हो सकता है।

## H.S.S. पब्लिक स्कूल, हसनपुर में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के लिए 4 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा





**हसनपुरः** सोमवार को नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एच. एस. एस. पब्लिक स्कूल, हसनपुर में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के लिए 4 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, शारीरिक दक्षता, भाषा कौशल तथा व्यावहारिक ज्ञान का विकास करना है। समर कैंप के अंतर्गत बच्चों के लिए मेहंदी, कैलीग्राफी, इंग्लिश स्पीकिंग, डांस, नेल आर्ट, ताइक्वांडो, क्ले पॉटरी, स्केटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा कुकिंग विदाउट फायर जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मेहंदी गतिविधि में बच्चों ने सुंदर एवं आकर्षक डिज़ाइन सीखकर अपनी कलात्मक प्रतिभा को उभारने का प्रयत्न किया । कैलीग्राफी में विद्यार्थियों ने सुंदर लेखन, अक्षरों की बनावट और प्रस्तुतीकरण का अभ्यास किया। इंग्लिश स्पीकिंग गतिविधि में बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ अंग्रेज़ी में बोलने, अपना परिचय देने, संवाद करने तथा छोटे-छोटे विषयों पर विचार प्रस्तुत करने का अभ्यास किया। डांस गतिविधि में बच्चों ने संगीत की धुनों पर उत्साहपूर्वक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी ऊर्जा, तालमेल और मंचीय आत्मविश्वास का परिचय दिया। नेल आर्ट गतिविधि में विद्यार्थियों ने रंगों और आकर्षक डिज़ाइनों के माध्यम से अपनी सृजनात्मकता एवं सौंदर्यबोध को अभिव्यक्त किया। ताइक्वांडो प्रशिक्षण में बच्चों को आत्मरक्षा, अनुशासन, एकाग्रता, शारीरिक संतुलन और फिटनेस के महत्व के बारे में बताया गया। क्ले पॉटरी गतिविधि में बच्चों ने मिट्टी से विभिन्न आकृतियाँ, खिलौने और सजावटी वस्तुएँ बनाकर अपनी कल्पनाशक्ति को आकार दिया। स्केटिंग में विद्यार्थियों ने संतुलन, गति, साहस और आत्मविश्वास का अभ्यास किया। आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधि में बच्चों ने स्टोन पेंटिंग गतिविधि के अंतर्गत पत्थर के ऊपर विभिन्न प्रकार के चित्र बनाकर उनमे रंग भरे । कुकिंग विदाउट फायर गतिविधि में बच्चों ने बिना आग के स्वादिष्ट, पौष्टिक और आकर्षक व्यंजन तैयार कर स्वच्छता, टीम वर्क और प्रस्तुतीकरण की कला सीखी। बच्चों के मनोरंजन हेतु विशेष रूप से पांडा को भी लाया गया, जिसे देखकर बच्चे अत्यंत उत्साहित और प्रसन्न दिखाई दिए। पांडा के साथ बच्चों ने खूब आनंद लिया और यह पल समर कैंप का विशेष आकर्षण बना। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने अपने उद्बोधन में कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी अनुभवात्मक, कौशल-आधारित और गतिविधि-आधारित शिक्षा पर विशेष बल देती है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ बच्चों को पाठ्यपुस्तकों से अलग जीवनोपयोगी कौशल सीखने का अवसर प्रदान करती हैं तथा उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मक सोच, भाषा कौशल, शारीरिक दक्षता और सामाजिक सहयोग की भावना विकसित करती हैं। समर कैंप के प्रथम दिन बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। शिक्षकों ने सभी गतिविधियों का कुशलतापूर्वक संचालन किया तथा बच्चों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों के उत्साह और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

## बरेली बनेगा व्यापारिक शक्ति का नया केंद्र

**31 मई को व्यापारियों का महाकुंभ, 2500 कारोबारी एक मंच पर- युवा नेतृत्व, उद्योग और विकास का होगा महासंगम**



लोक तंत्र की शान

**(बरेली, उत्तर प्रदेश | संदीप चंद्रा)** बरेली अब सिर्फ शिक्षा, संस्कृति और कारोबार का शहर नहीं रह गया है, बल्कि तेजी से उत्तर प्रदेश के उभरते औद्योगिक और व्यापारिक हब के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। इसी दिशा में 31 मई 2026 को बरेली एक ऐतिहासिक आयोजन का गवाह बनने जा रहा है, जहां व्यापार, उद्योग, युवा नेतृत्व और संगठनात्मक शक्ति का ऐसा संगम देखने को मिलेगा, जो आने वाले वर्षों की नई आर्थिक दिशा तय कर सकता है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की पहल पर आयोजित होने जा रहा यह "व्यापारियों का महाकुंभ" प्रदेश भर के व्यापारिक संगठनों के लिए एक नई ऊर्जा और नए विजन का मंच बनेगा। खास बात यह है कि इस आयोजन में जहां एक ओर 400 युवा प्रतिनिधियों को नेतृत्व और संगठन की ट्रेनिंग दी जाएगी, वहीं दूसरी ओर रात में 2500 व्यापारियों का विराट समागम पूरे प्रदेश का ध्यान अपनी ओर खींचेगा।

## चेयरमैन आसिया मुशीर अली खान के नेतृत्व में नगर की सफाई व्यवस्था को मिल रही नई पहचान

लोक तंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी



**संभल।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 11 स्थित हिन्द इंटर कॉलेज के पीछे वाली गली में आज वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी मुशीर अली खान ने पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। नगर पालिका परिषद संभल की चेयरमैन श्रीमती आसिया मुशीर अली खान के नेतृत्व में नगर में लगातार विकास एवं स्वच्छता अभियान को नई गति मिल रही है, जिसकी क्षेत्रवासियों द्वारा सराहना की जा रही है। निरीक्षण के दौरान चौधरी मुशीर अली खान ने क्षेत्र की साफ-सफाई, नालियों की व्यवस्था एवं जल निकासी की स्थिति को बारीकी से देखा और संबंधित कर्मचारियों को नियमित सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता को स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी की कार्यशैली की भी लोगों ने जमकर प्रशंसा की। उनके निर्देशन में नगर में सफाई व्यवस्था, सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि चेयरमैन श्रीमती आसिया मुशीर अली खान एवं अधिशासी अधिकारी मणि भूषण तिवारी की सक्रियता के चलते नगर में लगातार सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। चौधरी मुशीर अली खान की जनता के बीच लगातार मौजूदगी और समस्याओं के प्रति गंभीरता को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि वह हमेशा जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ी, अब 31 मई तक करें आवेदन

» सिविल सेवा, नीट यूजी एवं वन डे एग्जाम की निःशुल्क कोचिंग का मिलेगा लाभ

» राजकीय रजा इंटर कॉलेज में संचालित हो रही हैं कक्षाएं, पुस्तकालय सुविधा भी उपलब्ध

लोक तंत्र की शान, मंडल प्रभारी अवनीत कुमार शर्मा





**रामपुर।** उत्तर प्रदेश/ जिला समाज कल्याण अधिकारी सुश्री सूरज कुमारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत जनपद रामपुर में राजकीय रजा इंटर कॉलेज में निःशुल्क कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए सिविल सेवा परीक्षा, नीट यूजी तथा वन डे एग्जाम की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत अभ्यर्थियों के पंजीकरण की प्रक्रिया जनपद रामपुर में जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के कमरा संख्या-13 में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए पासपोर्ट साइज फोटो तथा शैक्षणिक अभिलेखों जैसे हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं ग्रेजुएशन की अंकतालिकाओं की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना पूर्णतः निःशुल्क है। योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ-साथ पुस्तकालय की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि शैक्षिक सत्र 2026-27 में पंजीकरण के लिए पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 25 मई 2026 को बढ़ाकर अब 31 मई 2026 कर दिया गया है, ताकि अधिक से अधिक अभ्यर्थी योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीनी विवाद में 2 पक्षों में मारपीट पट्टीदारों से हुआ था विवाद, 6 लोग घायल

**लोकतंत्र की शान :हाजीपुर**। वैशाली के बिदुपुर प्रखंड की सादुल्लापुर चकधबौली पंचायत में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। इस घटना में दोनों ओर से करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है। पुलिस ने लिखित शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। पंचायत समिति सदस्य अमरजीत कुमार ने इस मारपीट के लिए मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार राय को जिम्मेदार ठहराया है। अमरजीत कुमार का आरोप है कि यह विवाद उनके पट्टीदारों से हुआ था, लेकिन इसे राजनीतिक द्वेष के चलते मुखिया प्रतिनिधि ने करवाया है। मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार राय ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उनकी बाईपास सर्जरी हुई है और वे पिछले तीन महीने से बेड रेस्ट पर हैं। राय ने यह भी आरोप लगाया कि अमरजीत कुमार आगामी चुनाव में मुखिया पद के लिए दावेदारी करना चाहते हैं, इसलिए वे उन्हें झूठे मामले में फंसाने की साजिश रच रहे हैं। वहीं, अमरजीत कुमार के पट्टीदार रामबालक राय ने बताया कि अमरजीत कुमार अक्सर रास्ते को लेकर विवाद करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमरजीत उनके घर के पास गड्ढे खोदकर पानी भर देते हैं, जिससे उन्हें परेशानी होती है। रामबालक राय ने यह भी दावा किया कि अमरजीत कुमार ने उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। उन्होंने अमरजीत पर रामप्रसाद राय के सिर पर फरसे से वार करने का भी आरोप लगाया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। रामप्रसाद राय ने इस बात की पुष्टि की कि विवाद जमीन से जुड़ा था। उन्होंने कहा कि अमरजीत कुमार बेवजह राजनीतिक द्वेष के कारण मुखिया को बदनाम कर रहे हैं और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं।

### बड़े भाई की गला रेतकर हत्या, अस्पताल ले जाते ही मौत, मृतक नशे का आदी था, 6 बार जेल जा चुका था

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर**। वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में एक छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 30 वर्षीय आशुतोष कुमार के रूप में हुई है, जबकि आरोपी उसका छोटा भाई अंकित कुमार है। यह घटना घटारो दक्षिणी पंचायत के वार्ड नंबर एक में हुई। पुलिस के अनुसार, मृतक आशुतोष कुमार नशे का आदी था। वह इस संबंध में छह बार जेल भी जा चुका था। आशुतोष मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। घटना की सूचना मिलते ही लालगंज थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष मनमोहन कुमार और सदर एसडीपीओ 02 गोपाल मंडल अपने पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर मौजूद थे। पुलिस ने गंभीर हालत में आशुतोष को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### ट्रेन से 19 पैकेज प्रतिबंधित विदेशी सुपारी पकड़ी, हाजीपुर स्टेशन पर कस्टम विभाग ने 6.13 लाख की खेप जब्त

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर**। 24 मई 2026 को हाजीपुर स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (RPF) और कस्टम विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की। प्लेटफॉर्म संख्या-03 पर पहुंची गाड़ी संख्या 20503 से 19 पैकेज प्रतिबंधित विदेशी सुपारी जब्त की गई। सूचना के आधार पर, ट्रेन की VP बोगी संख्या SE203486 से इन पैकेजों को उतारा गया। इस दौरान ट्रेन के गार्ड श्री अखिलेश यादव और TPC पार्सल हाजीपुर के श्री धीरज कुमार मौजूद थे। पार्सल कार्यालय हाजीपुर में इन सभी 19 पैकेजों का वजन किया गया, जो कुल 1748 किलोग्राम निकला। कस्टम विभाग ने इसका मूल्य 351 प्रति किलोग्राम निर्धारित किया, जिससे जब्त सुपारी की कुल अनुमानित कीमत 6,13,548 आंकी गई। कस्टम विभाग हाजीपुर के सुपरिटेंडेंट श्री बालमुकुंद यादव ने इस बरामदगी के संबंध में सीजर लिस्ट तैयार की। कस्टम अधिनियम, 1962 की धारा 110 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी जब्त 19 पैकेज विदेशी सुपारी को विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद कस्टम विभाग हाजीपुर के अधिकारियों ने अपने कब्जे में ले लिया। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### डायल 112 पुलिस ने दिव्यांग युवक को पीटा, घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड, गाली देने से मना करने पर विवाद

**लोकतंत्र की शान : हाजीपुर**। वैशाली जिले के बिदुपुर बाजार में डायल 112 के पुलिसकर्मियों द्वारा एक दिव्यांग युवक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके बाद वैशाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। पिटाई का शिकार हुए 19 वर्षीय मनीष कुमार बिदुपुर थाना क्षेत्र के पानापुर दिलावरपुर गोवर्धन गांव निवासी सुबोध सिंह के पुत्र हैं। मनीष जन्म से ही दोनों हाथों और पैरों से दिव्यांग हैं। मनीष कुमार ने बताया कि बीते शाम करीब 5 बजे डायल 112 की टीम, जिसमें एक महिला और एक पुरुष कांस्टेबल शामिल थे, उनकी दुकान पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने दुकान मालिक के साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। उस समय दुकान में मालिक की पत्नी और कई ग्राहक भी मौजूद थे। मनीष के अनुसार, जब उन्होंने पुलिसकर्मियों को गाली-गलौज करने से मना किया, तो दोनों कांस्टेबलों ने उन्हें बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। मनीष ने कहा कि उनका कोई कसूर नहीं था। उन्होंने बताया कि अपनी विकलांगता के बावजूद वे मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। चप्पल दुकानदार कालीचरण साह ने बताया कि पड़ोस के दुकानदार का एस्बेस्टस टूट जाने के बाद उसे बदलने को लेकर दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। इसके बावजूद डायल 112 की पुलिस उनकी दुकान पर आकर गाली-गलौज करने लगी और विरोध करने पर उनके कर्मचारी (मनीष) के साथ मारपीट की।

### मुजफ्फरपुर जंक्शन पर अब 15 मिनट रुकेगी पवन एक्सप्रेस, लीची व्यापारियों को बड़ी राहत

**लोकतंत्र की शान : मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर की मशहूर शाही लीची के सीजन में पार्सल लोडिंग के दौरान होने वाली अफरातफरी और परेशानियों को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर रेल मंडल ने बड़ा फैसला लिया है। रेल मंडल ने गाड़ी संख्या 11062/11061 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस पवन एक्सप्रेस के मुजफ्फरपुर जंक्शन पर ठहराव समय में 10 मिनट की अतिरिक्त अस्थायी बढ़ोतरी कर दी है। अब यह ट्रेन जंक्शन पर कुल 15 मिनट तक रुकेगी। दरअसल, पहले पवन एक्सप्रेस का मुजफ्फरपुर जंक्शन पर सिर्फ 5 मिनट का नियमित ठहराव था। इस कम समय में बड़ी मात्रा में शाही लीची के पार्सल को ट्रेन के पार्सल वैन में लोड करना काफी मुश्किल हो रहा था। कई बार ट्रेन खुल जाने के कारण लीची के कई पैकेज स्टेशन पर ही छूट जाते थे। इससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ पार्सल कर्मियों को भी भारी दबाव का सामना करना पड़ता था। व्यापारियों की लगातार शिकायतों और पार्सल विभाग से मिले फीडबैक के बाद समस्तीपुर रेल मंडल प्रशासन ने पूरे मामले की समीक्षा की। इसके बाद रेलवे ने त्वरित निर्णय लेते हुए पवन एक्सप्रेस को मुजफ्फरपुर जंक्शन पर 10 मिनट का अतिरिक्त अस्थायी ठहराव देने की मंजूरी दे दी। अब कुल 15 मिनट का समय मिलने से लीची पार्सल की लोडिंग व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से हो सकेगी। इस फैसले से लीची कारोबारियों में खुशी का माहौल है। व्यापारी ब्रजकिशोर शाह ने बताया कि पहले ट्रेन केवल 5 मिनट रुकती थी, जिसके कारण अधिक मात्रा में लीची लोड नहीं हो पाती थी। कई बार जल्दबाजी में पैकेज छूट जाते थे। अब समय बढ़ाकर 15 मिनट किए जाने से व्यापारियों को काफी सहूलियत होगी और अधिक मात्रा में लीची सुरक्षित तरीके से भेजी जा सकेगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अतिरिक्त समय मिलने से ट्रेन खुलने के दौरान प्लेटफॉर्म और पार्सल वैन के पास भगदड़ जैसी स्थिति नहीं बनेगी। साथ ही मुजफ्फरपुर की प्रसिद्ध शाही लीची समय पर और बिना नुकसान के देश के विभिन्न बाजारों तक पहुंच सकेगी।

# डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, वैशाली में "मेंटल वेल-बीइंग कार्यशाला" का आयोजन

लोकतंत्र की शान




डॉ सीवी रमण विश्वविद्यालय, वैशाली में आज मेंटल वेल-बीइंग कार्यशाला" का आयोजन ब्रह्मकुमारीज द्वारा किया गया। जिसमें 300 से ज्यादा छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच एवं आत्मिक संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्माकुमारी रंजू कर्ण, ध्यान विशेषज्ञ, ब्रह्माकुमारी सावित्री, राजयोग शिक्षिका एवं ब्रह्माकुमारी संजय जी, राज्य कार्यक्रम समन्वयक उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. अमरीश सिंह एवं शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. धर्मेन्द्र सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. धर्मेन्द्र सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन चुका है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का भावनात्मक एवं मानसिक रूप से सशक्त होना भी आवश्यक है। अपने संबोधन में ब्रह्माकुमारी रंजू कर्ण ने ध्यान एवं सकारात्मक चिंतन के माध्यम से मानसिक शांति प्राप्त करने के उपाय बताए। वहीं ब्रह्माकुमारी सावित्री ने राजयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित ध्यान अभ्यास से आत्मविश्वास एवं एकाग्रता में वृद्धि होती है। ब्रह्माकुमारी संजय जी का विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने मानसिक तनाव, अध्ययन में एकाग्रता तथा जीवन में सकारात्मकता से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे। उन्होंने विद्यार्थियों को सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा दी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. समित तिवारी ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों का मानसिक एवं नैतिक विकास शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं बेहतर जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. ब्रिजेश सिंह ने कहा कि डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए निरंतर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को एक सकारात्मक एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चिड़ैया थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाईः देशी कट्टा व 12 जिंदा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



लोकतंत्र की शान

**सहरसा, मो. जियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** सहरसा जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चिड़ैया थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से एक देशी कट्टा और 12 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अपराध नियंत्रण हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 24 मई 2026 को चिड़ैया थाना पुलिस टीम को सूचना मिली कि ग्राम रेवखा में एक व्यक्ति किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया गया, जिसने पूछताछ में अपना नाम रोहित कुमार (पिता–अरुण प्रसाद यादव), निवासी बगेवा वार्ड संख्या-08, थाना–सतरकटैया, जिला–सहरसा बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा एवं 12 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस मामले में चिड़ैया थाना कांड संख्या 25/2026, दिनांक 24.05.2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस कार्रवाई में थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में चिड़ैया थाना पुलिस बल की अहम भूमिका रही।

# एलपीजी गैस आपूर्ति की अद्यतन स्थितिः तीनों एजेंसियों द्वारा हजारों सिलेंडर वितरित

लोकतंत्र की शान



**सहरसा, मो. जियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सहरसा जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर अद्यतन जानकारी साझा की गई है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा 24 मई 2026 को बड़ी संख्या में सिलेंडरों का वितरण किया गया है तथा लंबित आपूर्ति को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारत गैस के अंतर्गत कार्यरत स्थानीय एजेंसियों ने 24 मई को कुल 1030 गैस सिलेंडरों का वितरण किया। वर्तमान में 14.2 किलोग्राम के 1746 भरे हुए सिलेंडर उपलब्ध हैं। बैकलॉग दिनों की संख्या 4.2 है, जबकि औसत बिक्री 1276 दर्ज की गई है। वहीं, एचपी गैस के अंतर्गत कार्यशील एजेंसियों द्वारा 2202 गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। वर्तमान में 14.2 किलोग्राम के 3159 भरे हुए सिलेंडर उपलब्ध हैं। बैकलॉग 3.75 दिनों का है तथा औसत बिक्री 1543 रही है। इंडेन गैस के अंतर्गत एजेंसियों ने 1886 गैस सिलेंडरों का वितरण किया। वर्तमान में 3110 भरे हुए 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर उपलब्ध हैं। बैकलॉग लगभग 3.59 दिनों का है और औसत बिक्री 2264 दर्ज की गई है। प्रशासन द्वारा सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि लंबित वितरण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कर आम उपभोक्ताओं को सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# तीन दिवसीय जिला एथलेटिक्स मीट 2026 का सफल समापन, खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित


लोकतंत्र की शान




**सहरसा, मो. जियाउद्दीन, जिला संवाददाताः** जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जिला एथलेटिक्स मीट 2026 का बीते दिन सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे रोशन सिंह धोनी ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सहरसा की ओर से बिहार का प्रतिनिधित्व करने वाले 7 एथलीट खिलाड़ियों को समाजसेवी एवं भाजपा नेता सिद्धार्थ कुमार सिद्धू द्वारा बैग, टी-शर्ट, मोमेंटो एवं 2000 की राशि देकर सम्मानित किया गया। इनमें विकास कुमार और सोनू कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर मेडल भी हासिल किया था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के संयुक्त सचिव डॉ. जैनेंद्र तथा विशिष्ट अतिथि अखिलेश कुमार टूटू एवं रणवीर सिंह राजा उपस्थित रहे। उन्होंने सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कोशी स्पोर्ट्स अकैडमी के दो क्रिकेटर सचिन एवं क्रिश को वर्ष 2026 में अंडर-16 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष विप्लव रंजन द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह किसी कारणवश समारोह में उपस्थित नहीं हो सके। उन्होंने दूरभाष के माध्यम से आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा भविष्य में इससे भी भव्य आयोजन करने की बात कही। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि सहरसा स्टेडियम में एथलेटिक्स एवं फुटबॉल के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित की जाएं तथा पूर्वी क्षेत्र में अतिक्रमित भूमि को खाली कराया जाए, ताकि कबड्डी, हैंडबॉल, क्रिकेट और वॉलीबॉल जैसे खेलों का प्रशिक्षण शुरू किया जा सके।

# दवा माफिया रवि-गिरीश की तलाशी में छापेमारी, बाहर से आती थी खेप

लोकतंत्र की शान , पटना



◆ **ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम से मिले थे 95 लाख के नशीले इंजेक्शन-कफ सिरप**

पटना पूर्वी इलाके में पुलिस सुखे नशे और इस धंधे से जुड़े माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने शुक्रवार को रामकृष्णा नगर इलाके के न्यू श्री राम ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन और कफ सिरप बरामद किया था। जिसकी कीमत बाजार में 95 लाख रुपए आंकी गई थी। इस मामले में रामकृष्णा नगर के ऋषि और सुपौल के अब्दुल्ला को पुलिस ने पकड़ा था। इनके पास और निशानदेही से 33500 एम्पुल नशीले इंजेक्शन और 4000 पीस प्रतिबंधित कप सिरप बरामद किए गए थे। इन दोनों ने पुलिस की पूछताछ में कदमकुआं के रवि और ट्रांसपोर्ट गोदाम के ऑनर गिरीश का नाम बताया था। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार रेड कर रही है। आज भी पुलिस की ओर से उनके ठिकानों पर छापेमारी की गई है।

**रामकृष्णा नगर के गोदाम में स्टॉक होती थी खेपः** ऋषि और अब्दुल्ला ने पुलिस को बताया है कि दूसरे राज्यों से नशीले इंजेक्शन और कफ सिरप की खेप मंगा कर रामकृष्णा नगर के गोदाम में बल्क में स्टॉक किए जाते थे। यहां से कार्टन में रखकर सीमांचल के सुपौल अररिया पूर्णिया समेत बॉर्डर इलाके में बस और निजी गाड़ियों के जरिए भेजे जाते थे। इसके अलावा राम कृष्ण नगर, चित्रगुप्त नगर, पत्रकार नगर, गोपालपुर, गौरीचक बहादुरपुर इलाके में अब्दुल्ला और उसके साथी कार्टून में रखकर ई-रिक्शा ऑटो से सप्लाई करते थे।

**स्पेशल टीम बनाई गई हैः** पूर्वी इलाके में एसपी परिचय कुमार की ओर से एक स्पेशल टीम बनाई गई है। जो सिर्फ सुख नशे के खिलाफ कार्रवाई में शामिल है। इसमें सभी यंग SHO को रखा गया है। पत्रकार नगर SHO सोनू कुमार, चित्रगुप्त नागर SHO शंकर झा, बहादुरपुर SHO शुभम झा, समेत अन्य पदाधिकारी है।

# अब मशीन से होगी मैनहोल की सफाई

लोकतंत्र की शान , पटना




◆ **6 मैनहोल स्कैवेंजर मशीन मंगवाए जाएंगे, 20 इलेक्ट्रिक वुड कटर भी मंगाने की तैयारी**

पटना में अब मैनहोल की सफाई स्कैवेंजर से करवाई जाएगी। इसके लिए 6 मैनहोल स्कैवेंजर मशीन मंगवाए जाएंगे। हर अंचल में एक मैनहोल स्कैवेंजर रहेगा जो मैनहोल की सफाई मशीन से करेगा। सफाई कर्मचारियों को अब ज़हरीले सीवर के गड्ढों में उतरना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा 20 कंकरीट ब्रेकर भी मंगाए जाएंगे। GeM पोर्टल से इन मशीनों की खरीदारी होगी। ये गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) भारत सरकार का एक आधिकारिक ऑनलाइन ई-कॉमर्स पोर्टल है।

**मैनहोल स्कैवेंजर मशीन में लगे होंगे कैमरे और सेंसरः** मैनहोल स्कैवेंजर मशीन में कैमरे और सेंसर लगे होते हैं जो मैनहोल के अंदर की स्थिति और हानिकारक गैसों का सटीक पता लगाते हैं। इसमें लगे रोबोटिक हाथ बिल्कुल इंसानी हाथों की तरह काम करते हैं और ठोस कचरे को आसानी से बाहर निकाल सकते हैं। सीवर सफाई को आधुनिक बनाने की पहल के तहत, केरल भारत का पहला राज्य बना था जिसने मैनहोल की सफाई के लिए रोबोटिक तकनीक को अपनाया। अब छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, और कर्नाटक के कई नगर निगमों में भी इन मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।

**20 इलेक्ट्रिक वुड कटर भी मंगाने की तैयारीः** वहीं, मानसून से पहले पटना नगर निगम तैयारी में लगा हुआ है। 20 इलेक्ट्रिक वुड कटर भी मंगाने की तैयारी है। इसमें से 5 पाटलिपुत्र अंचल, 5 नूतन राजधानी, 3 कंकड़बाग, 3 बांकीपुर, 2 अजीमाबाद और 2 पटना सिटी अंचल में रहेंगे। बीते दिनों हुई बारिश में पटना के कई इलाकों में पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए थे। आमतौर पर पेड़ से संबंधित कोई भी काम वन विभाग करती है। मगर लोगों को परेशानी ना हो इसलिए नगर निगम की टीम भी जेसीबी के साथ इसे हटाने में लगी हुई थी। अगर ऐसी स्थिति फिर से आती है तो पटना नगर निगम दूसरे पर निर्भर न कर अपने मशीन के माध्यम से जल्दी काम सुनिश्चित करेगा।

# बैंक के पास कैश वैन लूटने आया अपराधी गिरफ्तार

लोकतंत्र की शान , पटना




कदमकुआं थाना क्षेत्र के वैशाली गोलंबर के पास HDFC की शाखा से अपराधी पकड़ा गया है। पुलिस उसे पड़कर थाने ले गई है। टाउन डीएसपी 1 के नेतृत्व में शातिर से पूछताछ हो रही है। उसने पुलिस को बताया है कि लूटपाट की घटना को अंजाम देने के लिए आए थे। कैश वैन लूटने की साजिश थी। इसके अलावा 2 और भी लोग इस घटना को मिलकर अंजाम देने वाले थे। दो लोग फरार हो गए। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर दूसरे आरोपियों की पहचान करने में पुलिस जुटी है। टाउन डीएसपी 1 ने आरोपी के पकड़े जाने की पुष्टि की है।

अपराधी ने पुलिस की पूछताछ में बताया है कि प्लानिंग के तहत दोपहर में इस घटना को अंजाम देने वाले थे। क्योंकि अधिकतर लोग दोपहर में धूप की वजह से सड़क पर नहीं होते हैं। सड़कें सुन होती हैं। घटना को अंजाम देने के बाद भागने में सहूलियत होती है। फिलहाल पुलिस पूछताछ के आधार पर इसकी पूरी बैकग्राउंड को खंगालने में जुटी है। बैंक के ठीक सामने कैश वैन आकर लगी थी। उसके बाद बॉक्स गार्ड लेकर जा रहे थे। उसी बॉक्स को अपराधी ने छीनने की कोशिश की। तब तक गार्ड ने हथियार तान दिए और लोगों ने उसे पकड़ लिया। अपराधी पिस्टल लेकर पहुंचा था। पुलिस ने उसके पास से हथियार बरामद किए हैं।

# बाबा गरीबनाथ मंदिर पहुंचे कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, बोले- अपराधियों को नहीं बख्शेगी सरकार

लोकतंत्र की शान , मुजफ्फरपुर



मुजफ्फरपुर में कृषि मंत्री ने सोमवार को बाबा गरीबनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने बिहार की खुशहाली, समृद्धि और विकास के लिए प्रार्थना की। वहीं पटना की हालिया घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर कहा कि इसके लिए वैश्विक परिस्थितियां जिम्मेदार हैं। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा मुसहरी प्रखंड स्थित राष्ट्रीय लीची अनुसंधान संस्थान में आयोजित लीची महोत्सव में शामिल होने पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने बाबा गरीबनाथ का दर्शन-पूजन किया। पूजा के बाद उन्होंने 'बाबा गरीबनाथ की जय' के जयकारे भी लगाए। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी उनके साथ मौजूद रहे।

**बिहार की खुशहाली की कामनाः** मीडिया से बातचीत में मंत्री ने कहा कि बाबा गरीबनाथ गरीबों का कल्याण करने वाले हैं। गंगा दशहरा और सोमवार के पावन अवसर पर उन्होंने बाबा से बिहार को अराजकता और विकारों से मुक्त करने की प्रार्थना की है।डबल इंजन की सरकार बिहार को लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही है और सरकार जनता की सेवक बनकर काम कर रही है।

❐ **पेट्रोल-डीजल कीमतों पर दिया बड़ा बयान**

पटना में हुई हालिया घटना को लेकर पूछे गए सवाल पर कृषि मंत्री ने कहा कि जो भी अपराधी होगा, उसे किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। बिहार सरकार इस मामले को लेकर पूरी तरह गंभीर और कटिबद्ध है। डीजीपी स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है और महिलाओं के साथ गलत करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

कृषि मंत्री ने कहा कि भारत किसानों का देश है और यहां की बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है। बिहार सरकार किसानों के हक और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार काम कर रही है। किसानों की उपज, एग्री एसेट्स और कृषि से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इसके लिए सरकार नहीं बल्कि वैश्विक परिस्थितियां जिम्मेदार हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले बदलावों का असर ईंधन की कीमतों पर पड़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 26 मई मंगलवार को नगर निगम में आयोजित होगी महापौर जनसुनवाई, समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु नागरिकों से उपस्थित होने की अपील




**लोकतंत्र किशान हसन रशीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश, कटनी (25 मई):** आमजन की समस्याओं के समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण को लेकर प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जा रही महापौर जनसुनवाई नागरिकों के लिए एक सशक्त एवं भरोसेमंद मंच बनकर सामने आ रही है। इस पहल के माध्यम से शहरवासी अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख पा रहे हैं, जिससे शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और त्वरित होती जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम कटनी द्वारा मंगलवार 26 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक मेयर इन काउंसिल सभागार में महापौर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। शहर के विभिन्न वार्डों से नागरिक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर उपस्थित हो सकते हैं। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष सीधे अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिलेगा। प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे, ताकि समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

### बघेली साहित्य अकादमी गठन की मांग तेज

» "बघेली भाषा और लोकसंस्कृति को बचाने के लिए अकादमी जरूरी" - डॉ. सरस

» मुख्यमंत्री और राज्यपाल से फिर उठी मांग, लोक परंपराओं के संरक्षण पर दिया जोर

**(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान सीधी।** बघेली भाषा, साहित्य और लोकसंस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर एक बार फिर बघेली साहित्य अकादमी गठन की मांग तेज हो गई है। बघेली भाषा साहित्य एवं संस्कृति के लिए कार्यरत साहित्यिक संस्था सोंधी माटी लोनी बघेली सीधी के अध्यक्ष एवं साहित्यकार डॉ. श्रीनिवास शुक्ल सरस ने मध्यप्रदेश में बघेली साहित्य अकादमी की स्थापना को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया है। सीधी में जारी बयान में डॉ. सरस ने कहा कि बघेली भाषा की ठेठ शब्दावलियां, लोककथाएं, लोकगाथाएं, लोकरीति, लोकसंस्कार और सांस्कृतिक परंपराएं तेजी से विलुप्त होती जा रही हैं। आधुनिकता और पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण क्षेत्रीय भाषाओं और लोकसंस्कृति पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा की चर्चा तो लगातार हो रही है, लेकिन बिना लोकभाषाओं और लोकसंस्कृति के संरक्षण के यह कल्पना अधूरी है। जब तक लोक साहित्य और लोकसंस्कृति को समुचित संरक्षण नहीं मिलेगा, तब तक भारतीय ज्ञान परंपरा को मजबूत आधार नहीं मिल सकेगा।



### योगी सरकार का ऐतिहासिक फैसला, प्रधानों को बनाया जाएगा ग्राम पंचायतों का प्रशासक

**लोकतंत्र की शान : लखनऊ।** प्रदेश की ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। इसके दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ही ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इसके साथ ही स्पष्ट किया गया है कि नई ग्राम पंचायतों के गठन अथवा अधिकतम छह माह की अवधि तक निवर्तमान प्रधान ही पंचायतों का सामान्य प्रशासनिक कार्य संभालेंगे। सीएम योगी के निर्देश पर निवर्तमान प्रधानों को ग्राम पंचायतों में बतौर प्रशासक नामित किए जाने के लिए सभी जिलाधिकारियों को प्राधिकृत किया गया है, जिसके अनुसार 27 मई 2026 से निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे। प्रशासकों को केवल सामान्य और रूटीन कार्यों के निर्वहन की अनुमति होगी। उनके द्वारा कोई नीतिगत निर्णय पर नहीं लिया जा सकेगा।

**विशेष परिस्थितियों में लेंगे डीएम से स्वीकृति**-इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि अत्यावश्यक अथवा किसी विशेष परिस्थिति में नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता पड़ती है तो उस प्रस्ताव को जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी के समक्ष रखा जाएगा और उनकी स्वीकृति के बाद ही निर्णय लिया जा सकेगा।

### सोनीपत के टीडीआई सिटी में तिहरा हत्याकांड शराब के नशे में युवक ने दिया अंजाम

**लोकतंत्र की शान :सोनीपत।** सोनीपतके कुंडली स्थित टीडीआई सिटी के बीपीएल फ्लैट्स में रविवार की रात हुए तिहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई। एक व्यक्ति ने पति-पत्नी समेत एक अन्य महिला पर तेजधार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद फ्लैट्समें अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। मृतकोंकी पहचान विजय और उसकी पत्नी सुनीता निवासी कोट मोहल्ला, सोनीपत तथा स्वाति निवासीगांव बड़ौली के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों पर तेजधार हथियार से कई वार किए गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कुंडली थाना पुलिसमौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वारदात को बीपीएलफ्लैट्स में रहने वाले ब्रह्मप्रकाश ने अंजाम दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने शराब के नशे में इस घटना को अंजाम दिया। हालांकि हत्या के पीछे की असली वजह अभी साफ नहीं हो पाई है। पुलिस आरोपी की मानसिक स्थिति और मृतकों से उसके संबंधों को लेकर भी जांचकर रही है। घटनाकी जानकारी मिलते ही जिले के आला अधिकारी और एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाए और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने पूरे क्षेत्रको घेरकर जांच शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही हैताकि वारदात से जुड़े हर पहलू का पता लगाया जा सके।पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया। पोस्टमार्टमरिपोर्ट आने के बाद हत्या में इस्तेमाल हथियार और घटना के तरीके को लेकर और खुलासा होने की संभावना है। सोनीपत पुलिस मामले की कई पहलुओं पर जांच कर रही है। आरोपी सेजुड़े लोगों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि हत्या के पीछे की असली वजह सामने लाई जा सके।

### राज्यपाल ने राधा माधव मंदिर के दर्शन कर सभी के मंगल की कामना की

**लोकतंत्र की शान : जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे सोमवार को कनक घाटी स्थित श्री राधा माधव मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने राधा माधव के दर्शन किए और सभी के मंगल की कामना की। बाद में मंदिर परिसर में वह सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार में भी सम्मिलित हुए। उन्होंने वहां बटुकों को आशीर्वाद स्वरूप दक्षिणा दी तथा कहा कि जनेऊ मात्र एक धागा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, उच्च आदर्शों और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने बटुकों से धर्म के मार्ग पर चलने, बड़ों का आदर करने और समाज में ज्ञान व सेवा का प्रसार करने का आह्वान किया।

# ट्रांसफार्मर के नीचे वाहनों के पार्किंग से कभी हो सकता है बड़ा हादसा

» चुरहट पुराना बस स्टैंड अमिलिया मार्ग में लापरवाही का मामला


(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान



**सीधी।** भीषण गर्मी में जहां आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं वहीं भारी लोड के चलते बिजली के ट्रांसफार्मर भी आग के गोले में तब्दील हो रहे हैं। फिर भी कुछ लोग इस भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर के आसपास ही सुरक्षित ठिकाना बनाने में गुरेज नहीं कर रहे हैं। ऐसा ही मामला नगर परिषद चुरहट के पुराना बस स्टैंड से अमिलिया मार्ग का सामने आया है। नागरिकों का कहना है कि यहां पर दो बड़े ट्रांसफार्मर एक साथ विद्युत पोलों में लगाए गए हैं। यह ट्रांसफार्मर स्टेट बैंक चुरहट के समीप होने के कारण बैंक में आने वाले लोगों द्वारा लापरवाही पूर्वक ट्रांसफार्मर के पास ही अपने वाहनों को पार्क किया जाता है। बैंक के लिए यह ट्रांसफार्मर स्थल पूरी तरह से पार्किंग स्थल बने हुए हैं। ट्रांसफार्मर के समीप ही लकड़ी का टाल भी चल रहा है। ट्रांसफार्मर के आसपास सडक़ के किनारे बनी नाली के ऊपर अतिक्रमण कर कई दुकानों के संचालन के कारण यह मार्ग काफी जाम वाला क्षेत्र भी बना हुआ है। बैंक में आने वाले लोगों के साथ ही दुकानों में खरीददारी करने वाले लोग भी अपने वाहनों को ट्रांसफार्मर के पास ही पार्क करते हैं। गर्मी के दिनों में यदि कभी भी ट्रांसफार्मर आग के गोले में तब्दील हुआ तो इस स्थान पर भारी हादसा हो सकता है।

**इनका कहना है।** मेरे द्वारा बैंक के सामने लगे विद्युत ट्रांसफार्मरों के समीप वाहनों को न खड़ा करने के लिए कई बार लोगों को समझाइस दी गई। यह भी बताया गया कि भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर के पास भारी संख्या में वाहनों के पार्क करने से कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है फिर भी लोग मानने को तैयार नहीं हैं। अब नगर परिषद चुरहट एवं चुरहट पुलिस को कार्रवाई के लिए बैंक की ओर से पत्र जारी करूंगा। विकाश रंजन, शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक चुरहट।

## वैदिक मैथ्स पुस्तक का आयोजन




लोकतंत्र की शान, राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट


**करनालः** वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्रेरणा आश्रम के संचालक आदरणीय जय भगवान सिंगला जी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में जय भगवान सिंगला जी ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में वैदिक मैथ्स, अबेकस एवं ब्रेन डेवलपमेंट कार्यक्रमों की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा नवकृति के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि मानसिक विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने वाली शिक्षा की भी आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान बहादुरगढ़ सेंटर के छात्र देवाशीष ने शानदार डेमो प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। नवकृति की डायरेक्टर कीर्ति चुघ ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए शिक्षा के आधुनिक एवं रचनात्मक तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें सही दिशा देने के लिए प्रेरित किया। मंच का संचालन लेखक एवं कवि पवन गहलोत जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों एवं अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा और नवकृति के प्रयासों की भरपूर प्रशंसा की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के मानसिक विकास एवं शिक्षा के नए रास्ते आज के दौर में बना रहे हैं

## ऑटो डील में लगी आग, दर्जनों टू व्हीलर जलकर खाक

» देर रात लगी भीषण आग पर फायर ब्रिगेड से पाया गया काबू

» तहसीलदार ने मौके पर पहुंच कर नुकसानी का किया निरीक्षण

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान



**सीधी।** गर्मी के दिनों में आग लगने की घटनाएं दिनों दिन बढ़ रही है। सीधी शहर में कन्या कॉलेज के समीप राकेश ऑटो डील में देर रात आग लगने से दर्जनों टू व्हीलर, मैजिक समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गये। फायर ब्रिगेड पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से 70-80 लाख की क्षति बताई जा रही है। राकेश ऑटो डील प्रतिष्ठान में पुरानी बाइक एवं स्कूटी बेंचने का कारोबार होता था। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट से दुकान के भू-तल में रखे टू व्हीलरों में लगी। यहां 40-50 बाइक एवं कुछ स्कूटी रखी गई थी। आग लगने से भू-तल से तेज धुआं निकलना शुरू हुआ। फिर आग की तेज लपटें निकलने लगी। आसपड़ोस के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को देने के साथ दुकान मालिक राकेश गुप्ता को दी। कुछ समय में फायर ब्रिगेड और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। फायर ब्रिगेड से आग पर कुछ देर में काबू पाया गया। आग की लपटों के प्रथम तल में भी पहुंच जाने से यहां रखी कुछ बाइक भी जल गई। गनीमत रही कि फायर ब्रिगेड के आ जाने से प्रथम तल में रखी अधिकांश आग से बच गई। फिलहाल घटना की जानकारी मिलने पर व्यापारी संघ अध्यक्ष लालचंद गुप्ता भी मौके पर पहुंचे और घटना के प्रभावित व्यवसायी को सांत्वना प्रदान की।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने स्वर्गीय उषा गुप्ता को दी श्रद्धांजलि

» शोक संतप्त परिवार को बंधाया ढांढस, पुण्यात्मा की शांति के लिए की प्रार्थना

» गत 12 मई को लंबी बीमारी के बाद हुआ था समाजसेविका उषा गुप्ता का देहांत

लोकतंत्र की शान, राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट



**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल रविवार को चौधरी कॉलोनी स्थित गुप्ता निवास पहुंचे। उन्होंने यहां पूर्व महापौर रेणु बाला गुप्ता की जेठानी एवं भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता की ज्येष्ठ भाभी स्वर्गीय उषा गुप्ता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय मंत्री ने शोक संतप्त परिवार के साथ समय बिताया और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और मोक्ष प्राप्ति की प्रार्थना करते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में उनकी संवेदनाएं पूरे परिवार के साथ हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने परिवार के सदस्यों के साथ आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें इस कठिन समय को सहने के लिए संबल प्रदान किया। गुप्ता परिवार ने इस दुःखद समय में केंद्रीय मंत्री के स्नेहपूर्ण सान्निध्य और आध्यात्मिक प्रेरणा के प्रति आभार व्यक्त किया। विगत 12 मई को लंबी बीमारी से जूझने के उपरांत समाजसेविका उषा गुप्ता का देहांत हो गया था।

**शोक की घड़ी में उमड़े गणमान्य**-इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय नेता और शहर के गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। सभी ने स्वर्गीय उषा गुप्ता के निधन को परिवार और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया। परिवार की ओर से बृज गुप्ता और रेणु बाला गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री का उनकी आत्मीयता और सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

# धुरी-बंधी खदान हादसा : अथक प्रयासों के बाद रेस्क्यू टीम ने बरामद किया युवक का शव

» एसडीईआरएफ और सिविल डिफेंस वालंटियर्स ने कठिन परिस्थितियों में निभाई अहम भूमिका

लोकतंत्र की शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



**कटनी।** थाना स्लीमनाबाद अंतर्गत धुरी-बंधी ग्राम स्थित खदान में डूबे युवक की तलाश के लिए चलाया गया रेस्क्यू अभियान सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिला प्रशासन के सतत निर्देशन और निगरानी में एसडीईआरएफ एवं सिविल डिफेंस वालंटियर्स की संयुक्त टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद युवक का शव खदान से बाहर निकालकर स्थानीय पुलिस को सुपुर्द किया। मृत युवक की पहचान धुरी ग्राम निवासी 26 वर्षीय दुर्गेश कुशवाहा पिता प्रताप कुशवाहा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ कराया गया। गहरी खदान और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच रेस्क्यू टीम ने पूरी तत्परता, साहस और सूझबूझ के साथ अभियान संचालित किया। रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व एसडीईआरएफ प्रभारी श्रीमती श्वेता गुप्ता ने किया, जबकि सह-प्रभारी श्रीमती ममता गोंड ने अभियान के संचालन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। एसडीईआरएफ के चार जवानों ने कांटा-रस्सा एवं रबर बोट की सहायता से लगातार प्रयास करते हुए शव को सुरक्षित बाहर निकाला। इस अभियान में सिविल डिफेंस वालंटियर्स की टीम ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया। मास्टर ट्रेनर अमर रैदास एवं सोवरन प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में वालंटियर टीम ने रेस्क्यू कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। टीम में अश्विनी विश्वकर्मा, धनीराम पटेल, गुलवीर सिंह गोंड, अरविंद रजक, कृष्ण कुमार नामदेव, राजीव चौहान तथा कुणाल गौतम शामिल रहे, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने रेस्क्यू अभियान में शामिल सभी अधिकारियों, जवानों और वालंटियर्स की सराहना करते हुए कहा कि आपदा की इस घड़ी में टीम भावना, साहस और मानवीय संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला।

## बढ़ती गर्मी में छविल लगाकर लोगों को पिलाया गया जल

लोकतंत्र की शान, राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट

**करनालः** नारायण सेवा संस्थान, करनाल की तरफ से मीठे ठंडे पानी की छबील सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक अमर हॉस्पिटल के सामने सेक्टर 7 करनाल में लगाई गई । नो तपा ( 25 मई से 2जून तक नो तपा रहेगा) के कारण बहुत ज्यादा गर्मी के कारण 10 बजे छबील शुरू करनी थी लेकिन अधिक गर्मी के कारण लोगों ने 9.30 पर पानी मांगना शुरू कर दिया था । ये 6 व 7 सैक्टर की शहर की मैं रोड़ है, यहाँ पर उम्मीद से कही अधिक रश रहा । सभी आने जाने वाली ने बड़े चाव से मीठा व ठंडा पानी पी कर अपनी प्यास बुझाई ।नारायण सेवा संस्थान, करनाल का यह रूटीन वर्क है साल में एक -2 बार ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई जाती है इस अवसर पर हमारे साथी श्री शुभकरण शर्मा जी,श्री रमेश सचदेवा जी,श्री अशोक दुआ,श्री सुरेश मदान जी,श्री इंदर खुराना जी, सभी कमेटी के पदाधिकारी, श्री संजीव बजाज, श्री देव शर्मा जी,श्री उमेश वाधवा जी,श्री दीपक खुल्लर जी,श्री परवीन मेहता जी,श्री तरुण अग्रवाल जी, उपस्थित रहे ,,




## प्रदेशवासियों की सुरक्षा और जनसमस्याओं के लिए सरकार प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री

लोकतंत्र की शान



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों से मिलकर सभी की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों की सुरक्षा, सम्मान पर सरकार का पूरा जोर है। सरकार जनसमस्याओं के उचित समाधान के लिए प्रतिबद्ध भी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तय समयसीमा के भीतर समस्याओं के निस्तारण का भी निर्देश दिया।

**शिक्षा और स्वास्थ्य पर सरकार का विशेष जोर**- 'जनता दर्शन' में शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कुछ मामले आए। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि शिक्षा व स्वास्थ्य पर सरकार का विशेष जोर है। प्रदेश का हर व्यक्ति शिक्षित हो और हर जरूरतमंद को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें, इसके लिए सरकार कृतसंकल्पित है। इन विभागों से जुड़े सभी मामले संवेदनशीलता से हल किए जाएंगे।

**बिना भेदभाव सभी को मिले न्याय**-मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि पूरी संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय मिले। हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री ने राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों के भी शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए।

## बढ़ौरा शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

» श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

(ऋचा पाण्डेय ब्यूरो प्रमुख) लोकतंत्र की शान



**सीधी ।** भगवान शिव के प्रिय अधिमास माह के सोमवार को जिले के प्रसिद्ध बढौरा शिव मंदिर में आज सुबह से आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सीधी जिले सहित आसपास के जिलों और कस्बों से हजारों की संख्या में पहुंचे शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। मिली जानकारी के अनुसार अधिमास के प्रारंभ होते ही प्रतिदिन सुबह लगभग 4 बजे भोर से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। एक अनुमान के मुताबिक सोमवार के दिन 10 हजार से अधिक श्रद्धालु शिव मंदिर बढ़ौरा पहुंचे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सेमरिया थाना, बम्हनी पुलिस सहित अन्य स्थानों से आए पुलिसकर्मी मंदिर परिसर में तैनात रहे, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा चोरी की वारदात न हो सके। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर शिव मंदिर से पहले ही रोक लगा दी गई थी। सुरक्षाकर्मियों ने मंदिर से दूर ही वाहनों को रोककर यातायात व्यवस्था संभाली। मंदिर प्रांगण में नारियल, चुनरी और पूजन सामग्री की दुकानों पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। दुकानों में जमकर खरीदारी होने से व्यापारियों के चेहरे खिल उठे। वहीं दूसरी ओर वाहन पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें भी सामने आईं। मंदिर से लगभग 200 मीटर दूर बाइक खड़ी करने के नाम पर श्रद्धालुओं से 10 से 20 रुपये तक वसूले गए। इसके अलावा मंदिर परिसर और आसपास लगे होटल एवं खाद्य दुकानों में दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री भी खुलकर होती नजर आई। श्रद्धालुओं ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीनी विवाद में 2 पक्षों में मारपीट, पट्टीदारों से हुआ था विवाद, 6 लोग घायल

**हाजीपुर।** वैशाली के बिदुपुर प्रखंड की सादुल्लापुर चकधबौली पंचायत में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। इस घटना में दोनों ओर से करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है। पुलिस ने लिखित शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। पंचायत समिति सदस्य अमरजीत कुमार ने इस मारपीट के लिए मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार राय को जिम्मेदार ठहराया है। अमरजीत कुमार का आरोप है कि यह विवाद उनके पट्टीदारों से हुआ था, लेकिन इसे राजनीतिक द्वेष के चलते मुखिया प्रतिनिधि ने करवाया है। मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार राय ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उनकी बाईपास सर्जरी हुई है और वे पिछले तीन महीने से बेड रेस्ट पर हैं। राय ने यह भी आरोप लगाया कि अमरजीत कुमार आगामी चुनाव में मुखिया पद के लिए दावेदारी करना चाहते हैं, इसलिए वे उन्हें झूठे मामले में फंसाने की साजिश रच रहे हैं। वहीं, अमरजीत कुमार के पट्टीदार रामबालक राय ने बताया कि अमरजीत कुमार अक्सर रास्ते को लेकर विवाद करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अमरजीत उनके घर के पास गड्ढे खोदकर पानी भर देते हैं, जिससे उन्हें परेशानी होती है। रामबालक राय ने यह भी दावा किया कि अमरजीत कुमार ने उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। उन्होंने अमरजीत पर रामप्रसाद राय के सिर पर फरसे से वार करने का भी आरोप लगाया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। रामप्रसाद राय ने इस बात की पुष्टि की कि विवाद जमीन से जुड़ा था। उन्होंने कहा कि अमरजीत कुमार बेवजह राजनीतिक द्वेष के कारण मुखिया को बदनाम कर रहे हैं और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं।

### बड़े भाई की गला रेतकर हत्या, अस्पताल ले जाते ही मौत, मृतक नशे का आदी था, 6 बार जेल जा चुका था

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र में एक छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान 30 वर्षीय आशुतोष कुमार के रूप में हुई है, जबकि आरोपी उसका छोटा भाई अंकित कुमार है। यह घटना घटारो दक्षिणी पंचायत के वार्ड नंबर एक में हुई। पुलिस के अनुसार, मृतक आशुतोष कुमार नशे का आदी था। वह इस संबंध में छह बार जेल भी जा चुका था। आशुतोष मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। घटना की सूचना मिलते ही लालगंज थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच



शुरू कर दी। थानाध्यक्ष मनमोहन कुमार और सदर एसडीपीओ 02 गोपाल मंडल अपने पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर मौजूद थे। पुलिस ने गंभीर हालत में आशुतोष को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया। जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### ट्रेन से 19 पैकेज प्रतिबंधित विदेशी सुपारी पकड़ी, हाजीपुर स्टेशन पर कस्टम विभाग ने 6.13 लाख की खेप जब्त

**हाजीपुर।** 24 मई 2026 को हाजीपुर स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (RPF) और कस्टम विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की। प्लेटफॉर्म संख्या-03 पर पहुंची गाड़ी संख्या 20503 से 19 पैकेज प्रतिबंधित विदेशी सुपारी जब्त की गई। सूचना के आधार पर, ट्रेन की VP बोगी संख्या SE203486 से इन पैकेजों को उतारा गया। इस दौरान ट्रेन के गार्ड श्री अखिलेश यादव और TPC पार्सल हाजीपुर के श्री धीरज कुमार मौजूद थे। पार्सल कार्यालय हाजीपुर में इन सभी 19 पैकेजों का वजन किया गया, जो कुल 1748 किलोग्राम निकला। कस्टम विभाग ने इसका मूल्य 351 प्रति किलोग्राम निर्धारित किया, जिससे जब्त सुपारी की कुल अनुमानित कीमत 6,13,548 आंकी गई। कस्टम विभाग हाजीपुर के सुपरिटेंडेंट श्री बालमुकुंद यादव ने इस बरामदगी के संबंध में सीजर लिस्ट तैयार की। कस्टम अधिनियम, 1962 की धारा 110 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी जब्त 19 पैकेज विदेशी सुपारी को विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद कस्टम विभाग हाजीपुर के अधिकारियों ने अपने कब्जे में ले लिया। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### डायल 112 पुलिस ने दिव्यांग युवक को पीटा, घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड, गाली देने से मना करने पर विवाद

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के बिदुपुर बाजार में डायल 112 के पुलिसकर्मियों द्वारा एक दिव्यांग युवक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके बाद वैशाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। पिटाई का शिकार हुए 19 वर्षीय मनीष कुमार बिदुपुर थाना क्षेत्र के पानापुर दिलावरपुर गोवर्धन गांव निवासी सुबोध सिंह के पुत्र हैं। मनीष जन्म से ही दोनों हाथों और पैरों से दिव्यांग हैं। मनीष कुमार ने बताया कि बीते शाम करीब 5 बजे डायल 112 की टीम, जिसमें एक महिला और एक पुरुष कांस्टेबल शामिल थे, उनकी दुकान पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने दुकान मालिक के साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। उस समय दुकान में मालिक की पत्नी और कई ग्राहक भी मौजूद थे। मनीष के अनुसार, जब उन्होंने पुलिसकर्मियों को गाली-गलौज करने से मना किया, तो दोनों कांस्टेबलों ने उन्हें बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। मनीष ने कहा कि उनका कोई कसूर नहीं था। उन्होंने बताया कि अपनी विकलांगता के बावजूद वे मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। चप्पल दुकानदार कालीचरण साह ने बताया कि पड़ोस के दुकानदार का एस्बेस्टस टूट जाने के बाद उसे बदलने को लेकर दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। इसके बावजूद डायल 112 की पुलिस उनकी दुकान पर आकर गाली-गलौज करने लगी और विरोध करने पर उनके कर्मचारी (मनीष) के साथ मारपीट की।

### मुजफ्फरपुर जंक्शन पर अब 15 मिनट रुकेगी पवन एक्सप्रेस, लीची व्यापारियों को बड़ी राहत

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर की मशहूर शाही लीची के सीजन में पार्सल लोडिंग के दौरान होने वाली अफरातफरी और परेशानियों को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर रेल मंडल ने बड़ा फैसला लिया है। रेल मंडल ने गाड़ी संख्या 11062/11061 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस पवन एक्सप्रेस के मुजफ्फरपुर जंक्शन पर ठहराव समय में 10 मिनट की अतिरिक्त अस्थायी बढ़ोतरी कर दी है। अब यह ट्रेन जंक्शन पर कुल 15 मिनट तक रुकेगी। दरअसल, पहले पवन एक्सप्रेस का मुजफ्फरपुर जंक्शन पर सिर्फ 5 मिनट का नियमित ठहराव था। इस कम समय में बड़ी मात्रा में शाही लीची के पार्सल को ट्रेन के पार्सल वैन में लोड करना काफी मुश्किल हो रहा था। कई बार ट्रेन खुल जाने के कारण लीची के कई पैकेज स्टेशन पर ही छूट जाते थे। इससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ पार्सल कर्मियों को भी भारी दबाव का सामना करना पड़ता था। व्यापारियों की लगातार शिकायतों और पार्सल विभाग से मिले फीडबैक के बाद समस्तीपुर रेल मंडल प्रशासन ने पूरे मामले की समीक्षा की। इसके बाद रेलवे ने त्वरित निर्णय लेते हुए पवन एक्सप्रेस को मुजफ्फरपुर जंक्शन पर 10 मिनट का अतिरिक्त अस्थायी ठहराव देने की मंजूरी दे दी। अब कुल 15 मिनट का समय मिलने से लीची पार्सल की लोडिंग व्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से हो सकेगी। इस फैसले से लीची कारोबारियों में खुशी का माहौल है। व्यापारी ब्रजकिशोर शाह ने बताया कि पहले ट्रेन केवल 5 मिनट रुकती थी, जिसके कारण अधिक मात्रा में लीची लोड नहीं हो पाती थी। कई बार जल्दबाजी में पैकेज छूट जाते थे। अब समय बढ़ाकर 15 मिनट किए जाने से व्यापारियों को काफी सहूलियत होगी और अधिक मात्रा में लीची सुरक्षित तरीके से भेजी जा सकेगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अतिरिक्त समय मिलने से ट्रेन खुलने के दौरान प्लेटफॉर्म और पार्सल वैन के पास भगदड़ जैसी स्थिति नहीं बनेगी। साथ ही मुजफ्फरपुर की प्रसिद्ध शाही लीची समय पर और बिना नुकसान के देश के विभिन्न बाजारों तक पहुंच सकेगी।

# ट्रैक्टर ने स्कूटी को टक्कर मारी, दो दोस्तों में एक की मौत

**एजेंसी, पटना**



**दूसरे का चल रहा इलाज, मनेर से लौटते वक्त हादसा**

पटना के बिहटा में रविवार देर रात एक ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार 2 दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बिहटा-मनेर NH-30 मार्ग पर कोरहर गांव के पास नहर पुल के पास की है। मृतक की पहचान नेउरा थाना क्षेत्र के टिकैतपुर निवासी 28 वर्षीय छोटू कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक 28 वर्षीय प्रमोद राय बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत स्थानीय पुलिस और 112 की टीम को सूचना दी। इलाज के लिए ईएसआईसी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने छोटू कुमार को मृत घोषित कर दिया। प्रमोद राय को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है।

**टक्कर के बाद दोनों दोस्त दूर जा गिरे:** जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना कोरहर पुल के पास उस समय हुई जब स्कूटी सवार युवक वहां से गुजर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना को लेकर स्थानीय पुलिस ने मृतक और घायल के परिजनों को सूचना दे दी है। परिवार के अनुसार दोनों दोस्त एक ही गांव के थे और स्कूटी से मनेर से बिहटा की ओर लौट रहे थे तब ही यह हादसा हो गया।

**ड्राइवर ट्रैक्टर लेकर फरार:** बिहटा थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की स्थानीय लोगों से जानकारी मिली कि कोरहर पुल के पास 2 युवक सड़क हादसे में घायल हैं। पुलिस की टीम मौके पहुंची। दोनों को पहले अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरा घायल था। जिसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। फिलहाल घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार है। जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है।

# पूर्व सीएम नीतीश ने की गंगा पूजा, पैतृक आवास भी गए

**एजेंसी, पटना**



**गंगा आरती में शामिल होंगे बेटे निशांत**

गंगा दशहरा के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार आज बख्तियारपुर पहुंचे, जबकि स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार शाम की गंगा आरती में शामिल होंगे। नीतीश कुमार सुबह 10:30 बजे बख्तियारपुर स्थित सीढ़ी घाट पहुंचे। उन्होंने गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर मां गंगा की पूजा-अर्चना की। इस दौरान स्थानीय प्रशासन अलर्ट पर रहा और कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया।

सीढ़ी घाट पर गंगा पूजन के बाद, उन्होंने पास के राधे-कृष्ण मंदिर में भी पूजा की। इसके बाद नीतीश कुमार ने स्वतंत्रता सेनानी पंडित शीलभद्र याजी के स्मारक पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। इन कार्यक्रमों के बाद, वे बख्तियारपुर स्थित अपने पैतृक आवास पर कुछ समय रुके और फिर पटना के लिए रवाना हो गए।

**संध्या आरती के भंडारा भी होगा:** स्वास्थ्य मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद निशांत कुमार का यह पहला बख्तियारपुर दौरा है। उनके आगमन को लेकर स्थानीय जनता और समर्थकों में भारी उत्साह है। मंत्री निशांत कुमार शाम को आयोजित होने वाली संध्या गंगा आरती में मुख्य रूप से शामिल होंगे। सीढ़ी घाट पर उनके भव्य स्वागत की तैयारियां की गई हैं। संध्या आरती के समय भंडारे का भी आयोजन किया गया है। इन आयोजनों को देखते हुए बख्तियारपुर नगर और सीढ़ी घाट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# बिजली के पोल में लगी आग, 2 बाइक जली

**एजेंसी, पटना**



पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र स्थित मखनियाकुआं में सोमवार सुबह एक बिजली पोल में आग लग गई। शॉर्ट-सर्किट से हादसा हुआ। पास खड़ी 2 बाइक जलकर पूरी तरह से बर्बाद हो गई। आग लगने के बाद आसपास के हॉस्टल और घरों को एहतियातन खाली कराया गया। देखते ही देखते आग की लपटें तेजी से फैल गईं और बिजली के तारों को अपनी चपेट में ले लिया। बिजली पोल के नजदीक स्थित हॉस्टल के छात्रों में भी भगदड़ मच गई, और आसपास के लोगों ने अपने सामान सुरक्षित स्थानों पर हटाना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और अग्निशमन दस्ते की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मौके पर मौजूद मुरादपुर मस्जिद के मौलाना अबरार अहमद सुबहानी ने बताया कि सुबह जब वे वहां से गुजर रहे थे, तभी बिजली पोल के तारों के टकराने से चिंगारी निकली और देखते ही देखते पूरे पोल में आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग की चपेट में आने से दो मोटरसाइकिलें भी जल गईं। पीरबहोर थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के लोगों ने बताया कि आग की तेज तपिश से एक-दो मकानों को हल्की क्षति पहुंची है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि अग्निशमन की गाड़ियां समय पर नहीं पहुंचतीं, तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

# झुलसे बच्चों की देखभाल के लिए पुलिसकर्मियों की लगी ड्यूटी, दो शिफ्ट में की गई तैनाती

**एजेंसी, पटना**



पटना सिटी में शख्स ने अपने परिवार को पेट्रोल छिड़क कर जला दिया था। जिसमें आरोपी समेत 3 की मौत हुई थी। वहीं आरोपी के पत्नी प्रिया उर्फ मोनी, दो बेटे सूरज (3) और आयुष (10) की स्थिति अभी नाजुक है। मासूम बच्चों का जिम्मा पटना पुलिस ने उठाई है। पुलिस ने अपने खर्च पर NMCH से अपोलो बर्न हॉस्पिटल में परिजनों की सहमति से शिफ्ट कराया गया है। 5 दिन से दोनों मासूम अपोलो बर्न हॉस्पिटल में एडमिट हैं। ड्यूटी में तैनात चौक थाना की महिला होमगार्ड कोमल ने बताया कि 2 शिफ्ट में यहां ड्यूटी लगाई गई है। रात और दिन दोनों दोनों शिफ्ट में एक महिला और एक पुरुष पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। देखभाल का जिम्मा सौंपा गया है।


**इलाज के लिए 2.5 लाख रुपए का कंट्रिब्यूशन:** चौक थानेदार राजकिशोर सिंह और राजेश चौधरी की पहले पर पुलिसकर्मियों ने सैलरी से कंट्रिब्यूशन किया है। लगभग 2.5 लाख रुपए इलाज में दे चुके हैं और अभी भी पुलिसकर्मियों की ओर से कंट्रिब्यूशन जारी है। यहां तक कि परिवार की तरह पुलिसकर्मी दीदी-भैया और अंकल बनकर केयर टेकर की भूमिका में हैं। समय से दवा, खाना और शौच वगैरह कराने की जिम्मा महिला पुलिसकर्मी दीदी संभाल रही हैं। बच्चे भी पुलिसकर्मियों के साथ घुल मिल गए हैं। अपनी मां से ज्यादा किसी भी जरूरत के लिए या परेशानी में पुलिस दीदी को याद कर रहे हैं।

**20 को हुई थी घटना:** दरअसल, पटना सिटी में 20 मई को को पहले पति ने पत्नी, बच्चों के साथ-साथ सास, ससुर को आग लगा दी थी। इस घटना में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में मुख्य आरोपी कन्हैया कुमार, गोविंद अग्रवाल के पिता पुरुषोत्तम प्रसाद और उनकी मां नीलम देवी शामिल हैं। तीनों घायलों की मौत इलाज के दौरान हुई थी। घटना पत्नी से विवाद के चलते हुई थी। गोविंद अग्रवाल ने चौक थाने में कन्हैया कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। घटना में घायल हुए गोविंद के दो बच्चे और उसकी पत्नी मोनी उर्फ प्रिया की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। घटना राजा बाबू खाटू श्याम गली में हुई थी।

**कन्हैया कुमार को छोड़कर गोविंद से शादी की थी:** पुलिस के अनुसार, मोनी ने 15 दिन पहले कन्हैया कुमार को छोड़कर गोविंद से शादी की थी। बताया जा रहा है कि कन्हैया कुमार इसे लेकर नाराज था। बुधवार देर रात कन्हैया कुमार का अपनी पत्नी को लेकर गोविंद अग्रवाल के परिवार से विवाद हुआ था। आरोप है कि महिला का पहला पति और आरोपी कन्हैया कुमार अपने साथ पेट्रोल लेकर आया था। घर में घुसते ही उसने सभी के ऊपर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

# दवा माफिया रवि-गिरीश की तलाशी में छापेमारी, बाहर से आती थी खेप

**एजेंसी, पटना**



**♦ ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम से मिले थे 95 लाख के नशीले इंजेक्शन-कफ सिरप**

पटना पूर्वी इलाके में पुलिस सुखे नशे और इस धंधे से जुड़े माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने शुक्रवार को रामकृष्णा नगर इलाके के न्यू श्री राम ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन और कफ सिरप बरामद किया था। जिसकी कीमत बाजार में 95 लाख रुपए आंकी गई थी। इस मामले में रामकृष्णा नगर के ऋषि और सुपौल के अब्दुल्ला को पुलिस ने पकड़ा था। इनके पास और निशानदेही से 33500 एम्पुल नशीले इंजेक्शन और 4000 पीस प्रतिबंधित कप सिरप बरामद किए गए थे। इन दोनों ने पुलिस की पूछताछ में कदमकुआं के रवि और ट्रांसपोर्ट गोदाम के ऑनर गिरीश का नाम बताया था। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार रेड कर रही है। आज भी पुलिस की ओर से उनके ठिकानों पर छापेमारी की गई है।

**रामकृष्णा नगर के गोदाम में स्टॉक होती थी खेप:** ऋषि और अब्दुल्ला ने पुलिस को बताया है कि दूसरे राज्यों से नशीले इंजेक्शन और कफ सिरप की खेप मंगा कर रामकृष्णा नगर के गोदाम में बल्क में स्टॉक किए जाते थे। यहां से कार्टन में रखकर सीमांचल के सुपौल अररिया पूर्णिया समेत बॉर्डर इलाके में बस और निजी गाड़ियों के जरिए भेजे जाते थे। इसके अलावा राम कृष्ण नगर, चित्रगुप्त नगर, पत्रकार नगर, गोपालपुर, गौरीचक बहादुरपुर इलाके में अब्दुल्ला और उसके साथी कार्टून में रखकर ई-रिक्शा ऑटो से सप्लाई करते थे।

**स्पेशल टीम बनाई गई है:** पूर्वी इलाके में एसपी परिचय कुमार की ओर से एक स्पेशल टीम बनाई गई है। जो सिर्फ सुख नशे के खिलाफ कार्रवाई में शामिल है। इसमें सभी यंग SHO को रखा गया है। पत्रकार नगर SHO सोनू कुमार, चित्रगुप्त नागर SHO शंकर झा, बहादुरपुर SHO शुभम झा, समेत अन्य पदाधिकारी है।

# अब मशीन से होगी मैनहोल की सफाई

**एजेंसी, पटना**




**♦ 6 मैनहोल स्कैवेंजर मशीन मंगवाए जाएंगे, 20 इलेक्ट्रिक वुड कटर भी मंगाने की तैयारी**

पटना में अब मैनहोल की सफाई स्कैवेंजर से करवाई जाएगी। इसके लिए 6 मैनहोल स्कैवेंजर मशीन मंगवाए जाएंगे। हर अंचल में एक मैनहोल स्कैवेंजर रहेगा जो मैनहोल की सफाई मशीन से करेगा। सफाई कर्मचारियों को अब जहरीले सीवर के गड्ढों में उतरना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा 20 कंकरीट ब्रेकर भी मंगाए जाएंगे। GeM पोर्टल से इन मशीनों की खरीदारी होगी। ये गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) भारत सरकार का एक आधिकारिक ऑनलाइन ई-कॉमर्स पोर्टल है।

**मैनहोल स्कैवेंजर मशीन में लगे होंगे कैमरे और सेंसर:** मैनहोल स्कैवेंजर मशीन में कैमरे और सेंसर लगे होते हैं जो मैनहोल के अंदर की स्थिति और हानिकारक गैसों का सटीक पता लगाते हैं। इसमें लगे रोबोटिक हाथ बिल्कुल इंसानी हाथों की तरह काम करते हैं और ठोस कचरे को आसानी से बाहर निकाल सकते हैं। सीवर सफाई को आधुनिक बनाने की पहल के तहत, केरल भारत का पहला राज्य बना था जिसने मैनहोल की सफाई के लिए रोबोटिक तकनीक को अपनाया। अब छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, और कर्नाटक के कई नगर निगमों में भी इन मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।

**20 इलेक्ट्रिक वुड कटर भी मंगाने की तैयारी:** वहीं, मानसून से पहले पटना नगर निगम तैयारी में लगा हुआ है। 20 इलेक्ट्रिक वुड कटर भी मंगाने की तैयारी है। इसमें से 5 पाटलिपुत्र अंचल, 5 नूतन राजधानी, 3 कंकड़बाग, 3 बांकीपुर, 2 अजीमाबाद और 2 पटना सिटी अंचल में रहेंगे। बीते दिनों हुई बारिश में पटना के कई इलाकों में पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए थे। आमतौर पर पेड़ से संबंधित कोई भी काम वन विभाग करती है। मगर लोगों को परेशानी ना हो इसलिए नगर निगम की टीम भी जेसीबी के साथ इसे हटाने में लगी हुई थी। अगर ऐसी स्थिति फिर से आती है तो पटना नगर निगम दूसरे पर निर्भर न कर अपने मशीन के माध्यम से जल्दी काम सुनिश्चित करेगा।

# बैंक के पास कैश वैन लूटने आया अपराधी गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना**




कदमकुआं थाना क्षेत्र के वैशाली गोलंबर के पास HDFC की शाखा से अपराधी पकड़ा गया है। पुलिस उसे पड़कर थाने ले गई है। टाउन डीएसपी 1 के नेतृत्व में शातिर से पूछताछ हो रही है। उसने पुलिस को बताया है कि लूटपाट की घटना को अंजाम देने के लिए आए थे। कैश वैन लूटने की साजिश थी। इसके अलावा 2 और भी लोग इस घटना को मिलकर अंजाम देने वाले थे। दो लोग फरार हो गए। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर दूसरे आरोपियों की पहचान करने में पुलिस जुटी है। टाउन डीएसपी 1 ने आरोपी के पकड़े जाने की पुष्टि की है।

अपराधी ने पुलिस की पूछताछ में बताया है कि प्लानिंग के तहत दोपहर में इस घटना को अंजाम देने वाले थे। क्योंकि अधिकतर लोग दोपहर में धूप की वजह से सड़क पर नहीं होते हैं। सड़कें सुन होती हैं। घटना को अंजाम देने के बाद भागने में सहूलियत होती है। फिलहाल पुलिस पूछताछ के आधार पर इसकी पूरी बैकग्राउंड को खंगालने में जुटी है। बैंक के ठीक सामने कैश वैन आकर लगी थी। उसके बाद बॉक्स गार्ड लेकर जा रहे थे। उसी बॉक्स को अपराधी ने छीनने की कोशिश की। तब तक गार्ड ने हथियार तान दिए और लोगों ने उसे पकड़ लिया। अपराधी पिस्टल लेकर पहुंचा था। पुलिस ने उसके पास से हथियार बरामद किए हैं।

# बाबा गरीबनाथ मंदिर पहुंचे कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, बोले- अपराधियों को नहीं बख्शेगी सरकार

**एजेंसी, मुजफ्फरपुर**



**पेट्रोल-डीजल कीमतों पर दिया बड़ा बयान**

मुजफ्फरपुर में कृषि मंत्री ने सोमवार को बाबा गरीबनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने बिहार की खुशहाली, समृद्धि और विकास के लिए प्रार्थना की। वहीं पटना की हालिया घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर कहा कि इसके लिए वैश्विक परिस्थितियां जिम्मेदार हैं। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा मुसहरी प्रखंड स्थित राष्ट्रीय लीची अनुसंधान संस्थान में आयोजित लीची महोत्सव में शामिल होने पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने बाबा गरीबनाथ का दर्शन-पूजन किया। पूजा के बाद उन्होंने 'बाबा गरीबनाथ की जय' के जयकारे भी लगाए। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी उनके साथ मौजूद रहे।

**बिहार की खुशहाली की कामना:** मीडिया से बातचीत में मंत्री ने कहा कि बाबा गरीबनाथ गरीबों का कल्याण करने वाले हैं। गंगा दशहरा और सोमवार के पावन अवसर पर उन्होंने बाबा से बिहार को अराजकता और विकारों से मुक्त करने की प्रार्थना की है।डबल इंजन की सरकार बिहार को लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही है और सरकार जनता की सेवक बनकर काम कर रही है। पटना में हुई हालिया घटना को लेकर पूछे गए सवाल पर कृषि मंत्री ने कहा कि जो भी अपराधी होगा, उसे किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। बिहार सरकार इस मामले को लेकर पूरी तरह गंभीर और कटिबद्ध है। डीजीपी स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है और महिलाओं के साथ गलत करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। कृषि मंत्री ने कहा कि भारत किसानों का देश है और यहां की बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है। बिहार सरकार किसानों के हक और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार काम कर रही है। किसानों की उपज, एग्री एसेट्स और कृषि से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इसके लिए सरकार नहीं बल्कि वैश्विक परिस्थितियां जिम्मेदार हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले बदलावों का असर ईंधन की कीमतों पर पड़ता है।

# भारत की सक्रिय कूटनीति, वैश्विक रणनीतिक साझेदारियाँ मील का पत्थर साबित होगी- वैश्विक निवेश प्रवाह, विदेशी संस्थागत निवेश,ऊर्जा कंपनियों रक्षाउद्योग टेक्नोलॉजी सेक्टर पर दुर्गामी प्रभाव -समग्र व्यापक विश्लेषण



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

» भारत अब कूटनीति के माध्यम से विश्व राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था के केंद्र में तेजी से अपनी जगह बना रहा है।

» भारत क़ा विश्व राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था के केंद्र में तेजी से अपनी जगह बनाने का सकारात्मक प्रभाव,अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के विश्वास,विदेशी पूंजी प्रवाह, रणनीतिक उद्योगों और शेयर बाजारों की दीर्घकालिक दिशा पर पड़ेगा -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र



गोंदिया - वैश्विक स्तरपर मई 2026 के तीसरे सप्ताह में भारत की विदेश नीति और वैश्विक कूटनीतिक सक्रियता ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के साथ-साथ भारतीय तथा वैश्विक वित्तीय बाजारों तथा अर्थव्यवस्थाओं का भी ध्यान आकर्षित किया। एक ओर भारत के पीएम की 15 से 20 मई 2026 संयुक्त अरब अमीरात नीदरलैंड, स्वीडन,नॉर्वे और इटली की बहु-देशीय यात्रा ने ऊर्जा सुरक्षा,आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,हरित प्रौद्योगिकी, रक्षा सहयोग और रणनीतिक आर्थिक साझेदारी को नई गति दी, वहीं दूसरी ओर साइप्रस के राष्ट्रपति निकोसक्रिस्चिदोलिडेस की 20 से 23 मई 2026 भारत यात्रा ने यूरोप और भूमध्य सागरीय क्षेत्र में भारत की आर्थिक उपस्थिति को मजबूत करने के संकेत दिए। इसी क्रम में अमेरिकी विदेश मंत्री मारको रूबीओ का शनिवार 23 मई 2026 शाम को भारत आगमन और क्वाड देशों की बैठक ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की रणनीतिक स्थिति को और मजबूत बनाया। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क़ि इन तीनों घटनाओं का संयुक्त प्रभाव केवल कूटनीतिक व भारतीय अर्थव्यवस्था पर ही नहीं बल्कि वैश्विक निवेश प्रवाह, विदेशी संस्थागत निवेश,भारतीय शेयर बाजार, ऊर्जा कंपनियों, रक्षा उद्योग, टेक्नोलॉजी सेक्टर और अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजारों पर भी सटीकता वह गहराई से पड़ने वाला है। साथियों, सबसे पहले यदि भारतीय पीएम की पांच देशों की यात्रा को आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो यह स्पष्ट होता है कि भारत अब केवल विकासशील अर्थव्यवस्था नहीं बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला, डिजिटलअर्थव्यवस्था और रणनीतिक भू-राजनीतिक संतुलन का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत के संबंध पहले से ही ऊर्जा, निवेश और व्यापार के आधार पर मजबूत रहे हैं, लेकिन इस यात्रा में ऊर्जा सुरक्षा और भविष्य की प्रौद्योगिकियों पर जो जोर दिया गया, उसने निवेशकों के बीच भारत के प्रति भरोसा और बढ़ाया है। यूएई पहले से भारत के सबसे बड़े निवेश साझेदारों में से एक है। यदि ऊर्जा, पेट्रोकेमिकल्स, ग्रीन हाइड्रोजन और इंफ्रास्ट्रक्चर में संयुक्त निवेश तेजी पकड़ता है तो भारतीय शेयर बाजार में रिलायंस, ओएनजीसी, इंडियन ऑयल, अदाणी समूह और ग्रीन एनर्जी कंपनियों के शेयरों में दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है। अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए यह संकेत है कि भारत भविष्य की ऊर्जा अर्थव्यवस्था में केंद्रीय भूमिका निभाने की तैयारी कर रहा है।ऊर्जा सुरक्षा का प्रश्न वैश्विक निवेशकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि तेल और गैस की कीमतें सीधे मुद्रास्फीति, औद्योगिक लागत और कॉरपोरेट मुनाफे को प्रभावित करती हैं। पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच यदि भारत यूएई जैसे स्थिर साझेदारों के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा आपूर्ति समझौते करता है तो इससे भारतीय अर्थव्यवस्था की ऊर्जा लागत स्थिर रह सकती है। इसका असर भारतीय शेयर बाजार पर सकारात्मक होगा क्योंकि ऊर्जा आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं में स्थिर आपूर्ति निवेशकों का भरोसा बढ़ाती है। विदेशी संस्थागत निवेशक ऐसे देशों में पूंजी लगाना पसंद करते हैं जहाँ ऊर्जा संकट की संभावना कम हो। इसलिए यह यात्रा भारतीय बाजारों के लिए स्थिरता का संकेत बन सकती है।नीदरलैंड और स्वीडन की यात्रा का महत्व तकनीकी और नवाचार आधारित निवेशों के संदर्भ में और भी बड़ा माना जा रहा है। नीदरलैंड सेमीकंडक्टर, लॉजिस्टिक्स और स्मार्ट पोर्ट टेक्नोलॉजी का वैश्विक केंद्र है। यदि भारत इस क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग बढ़ाता है तो इसका सीधा प्रभाव भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षमता पर पड़ेगा। वर्तमान समय में दुनिया चीन पर निर्भर सप्लाई चेन को विविध बनाने की कोशिश कर रही है। ऐसे में भारत यदि यूरोपीय तकनीकी सहयोग के साथ सेमीकंडक्टर और हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग में आगे बढ़ता है तो इससे भारतीय टेक और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों में विदेशी निवेश बढ़ सकता है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, डिक्सन टेक्नोलॉजीज और सेमीकंडक्टर से जुड़ी नई भारतीय कंपनियों के प्रति निवेशकों का आकर्षण बढ़ सकता है।स्वीडन के साथ सहयोग का एक बड़ा आयाम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हरित उद्योग और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग है। वर्तमान वैश्विक शेयर बाजार में एआई आधारित कंपनियां निवेशकों की पहली पसंद बनी हुई हैं। अमेरिका में एनवीडिया जैसी कंपनियों की तेज वृद्धि ने दुनिया को यह दिखा दिया है कि भविष्य की अर्थव्यवस्था एआई आधारित होगी। साथियों, यदि भारत यूरोपीय देशों के साथ एआई अनुसंधान, डेटा सेंटर, क्लाउड टेक्नोलॉजी और साइबर सुरक्षा में सहयोग बढ़ाता है तो भारतीय आईटी कंपनियों के लिए नए अवसर खुल सकते हैं।इससे इनफ़ोसिस टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज , विप्रो और एचसीएलटेक जैसी कंपनियों में दीर्घकालिक तेजी देखी जा सकती है। विदेशी निवेशक उन बाजारों की ओर आकर्षित होते हैं जहाँ भविष्य की तकनीकों में सरकारी और कूटनीतिक समर्थन दिखाई देता है।नॉर्वे की यात्रा का प्रभाव हरित ऊर्जा और समुद्री अर्थव्यवस्था से जुड़ा हुआ माना जा रहा है। नॉर्वे दुनिया में ग्रीन शिपिंग, स्वच्छ ऊर्जा और संप्रभु संपत्ति कोष के लिए प्रसिद्ध है। नॉर्वे का सरकारी निवेश कोष दुनिया का सबसे बड़ा सॉवरेन वेल्थ फंड माना जाता है। यदि भारत और नॉर्वे के बीच हरित ऊर्जा, अपतटीय पवन ऊर्जा और समुद्री अवसंरचना में सहयोग बढ़ता है तो भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बड़े विदेशी निवेश आने कीसंभावना बन सकती है। इससे भारतीय ग्रीन एनर्जी कंपनियों और ईएसजी आधारित निवेशों को मजबूती मिलेगी। आज दुनिया के बड़े निवेशक केवल लाभ नहीं बल्कि पर्यावरणीय स्थिरता को भी महत्व दे रहे हैं। साथियों, भारत की ग्रीन डिप्लोमेसी शेयर बाजार के लिए नया सकारात्मक संकेत बन सकती है।इटली यात्रा का सबसे बड़ा महत्व यूरोप के साथ भारत की रणनीतिक आर्थिक साझेदारी में दिखाई देता है। इटली यूरोप की प्रमुख औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और प्रधानमंत्री जिओर्जिया मेलोनी के साथ भारत की बढ़ती निकटता यूरोपीय संघ में भारत की स्थिति को मजबूत कर सकती है। इससे रक्षा विनिर्माण, ऑटोमोबाइल, मशीनरी और फैशन उद्योगों में निवेश सहयोग बढ़ सकता है। यूरोप की कंपनियां चीन से उत्पादन हटाकर वैकल्पिक बाजार खोज रही हैं और भारत इसके लिए सबसे बड़ाउम्मीदवार बनकर उभर रहा है। यदि यह प्रवृत्ति मजबूत होती है तो भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में तेज पूंजी प्रवाह संभव है। इससे "मेक इन इंडिया" अभियान को भी बल मिलेगा और भारतीय शेयर बाजार में औद्योगिक तथा पूंजीगत वस्तु कंपनियों में तेजी आ सकती है। साथियों अब यदि साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टो डौलाइड्स की भारत यात्रा को निवेश और वित्तीय दृष्टि से समझें तो इसका महत्व काफी गहरा है। साइप्रस लंबे समय से भारत में विदेशी निवेश के मार्ग के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। कई अंतरराष्ट्रीय निवेश फंड और कंपनियां साइप्रस के माध्यम से भारत में निवेश करती रही हैं। ऐसे में भारत और साइप्रस के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ने का अर्थ है कि वित्तीय सहयोग, निवेश संरक्षण और पूंजी प्रवाह को नई मजबूती मिल सकती है। यह भारतीय शेयर बाजार के लिए सकारात्मक संकेत है क्योंकि विदेशी निवेशक ऐसे देशों में निवेश बढ़ाते हैं जहाँ द्विपक्षीय समझौते स्थिरता और कानूनी सुरक्षा प्रदान करते हैं।साइप्रस यात्रा के दौरान व्यापार, रक्षा, साइबर सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर हुए समझौते अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए भरोसे का वातावरण तैयार करते हैं। साइबर सुरक्षा आज वैश्विक अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण विषय बन चुकी है। डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन भुगतान,ए आई और डेटा आधारित अर्थव्यवस्था के दौर में साइबर सुरक्षा में सहयोग से भारतीय टेक कंपनियों और फिनटेक सेक्टर को मजबूती मिल सकती है। इससे भारतीय डिजिटल अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेश का मार्ग और खुल सकता है।मुंबई में साइप्रस प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी और बॉलीवुड फिल्म शूटिंग से जुड़ी घोषणाएं यह भी दर्शाती हैं कि भारत अब केवल औद्योगिक निवेश का केंद्र नहीं बल्कि सांस्कृतिक और मनोरंजन आधारितअर्थव्यवस्था का भी वैश्विक केंद्र बन रहा है। मनोरंजन उद्योग में विदेशी निवेश बढ़ने से मीडिया, ओटीटी प्लेटफॉर्म और पर्यटन क्षेत्र को लाभ मिल सकता है। इसका असर संबंधित सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों पर भी दिखाई दे सकता है। साथियों, अब यदि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की भारत यात्रा और क्वाड बैठक के प्रभाव को समझें तो इसका असर सबसे व्यापक माना जा सकता है। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे बड़ा पूंजी बाजार है। भारत-अमेरिका संबंधों में सुधार का सीधा प्रभाव विदेशी संस्थागत निवेशकों की धारणा पर पड़ता है। हाल के वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक मतभेद, वीजा मुद्दे और रणनीतिक चिंताओं को लेकर कुछ तनाव दिखाई दिए थे। ऐसे में यह यात्रा संकेत देती है कि दोनों देश संबंधों को पुनः मजबूत करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। यह संदेश वैश्विक बाजारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।क्वाड बैठक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव के संतुलन के रूप में देखी जाती है। निवेशकों की दृष्टि से स्थिर और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र वैश्विक व्यापार के लिए आवश्यक है क्योंकि दुनिया का बड़ा समुद्री व्यापार इसी क्षेत्र से गुजरता है। यदि क्वाड सहयोग मजबूत होता है तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षा मिल सकती है। इसका लाभ भारत को एक वैकल्पिक विनिर्माण और व्यापारिक केंद्र के रूप में मिलेगा। इससे भारतीय बाजारों में दीर्घकालिक विदेशी निवेश बढ़ सकता है।रक्षा सहयोग पर बातचीत का सीधा प्रभाव भारतीय रक्षा कंपनियों पर पड़ सकता है। भारत लगातार रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अमेरिका के साथ रक्षा तकनीक, ड्रोन, मिसाइल सिस्टम, साइबर रक्षा और सेमीकंडक्टर तकनीक में सहयोग भारतीय रक्षा उद्योग को नई ऊंचाई दे सकता है। इससे हिंदुस्तान ऐरोनाटिक्स लिमिटेड ,भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और निजी रक्षा कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिल सकती है। वैश्विक निवेशक रक्षा क्षेत्र को अब केवल युद्ध उद्योग नहीं बल्कि उच्च प्रौद्योगिकी और रणनीतिक स्थिरता के क्षेत्र के रूप में देख रहे हैं।महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला पर चर्चा भी निवेशकों के लिए बड़ा संकेत है। इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, सेमीकंडक्टर और रक्षा तकनीक के लिए लिथियम, कोबाल्ट और रेयर अर्थमिनरल्स की आवश्यकता तेजी से बढ़ रही है। यदि भारत अमेरिका और अन्य साझेदार देशों के साथ इस क्षेत्र में दीर्घकालिक समझौते करता है तो भारत भविष्य की हरित औद्योगिक क्रांति में बड़ी भूमिका निभा सकता है। इससे इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी क्षेत्र की भारतीय कंपनियों को भारी लाभ हो सकता है। साथियों, अंतरराष्ट्रीय शेयर बाजारों पर भी इन यात्राओं का प्रभाव दिखाई देगा। यदि भारत पश्चिमी देशों और मध्य-पूर्व के साथ मजबूत रणनीतिक साझेदारी बनाता है तो उभरते बाजारों में भारत का वज़न बढ़ेगा। वैश्विक फंड मैनेजर चीन के विकल्प के रूप में भारत में निवेश बढ़ा सकते हैं। इससे एमएससीआई और अन्य वैश्विक सूचकांकों में भारतीय शेयरों की हिस्सेदारी बढ़ सकती है। लंबे समय में यह भारतीय बाजारों में लगातार विदेशी पूंजी प्रवाह सुनिश्चित कर सकता है।हालांकि, इसके साथ कुछ जोखिम भी मौजूद हैं। यदि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ता है, तेल कीमतें अचानक बढ़ती हैं या अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता अधिक तीव्र होती है तो वैश्विक बाजारों में अस्थिरता आ सकती है। विदेशी निवेशक जोखिम बढ़ने पर उभरते बाजारों से पूंजी निकालने लगते हैं। इसलिए भारत को अपनी कूटनीतिक संतुलन नीति को सावधानी से बनाए रखना होगा। भारत की विशेषता यही रही है कि उसने अमेरिका, यूरोप, रूस और मध्य-पूर्व सभी के साथ संतुलित संबंध बनाए हैं। यही संतुलन भविष्य में भारतीय बाजारों की स्थिरता का आधार बन सकता है।

**-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए (एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**
**9284141425**

## तकनीकी क्रांति और लोकतांत्रिक चुनौती के बीच जनगणना



लेखक - डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत वर्ष 2027 में अपनी पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना कराने जा रहा है। यह केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि भारत की शासन व्यवस्था, विकास नीति और लोकतांत्रिक ढांचे में एक ऐतिहासिक परिवर्तन का संकेत है। जिस प्रकार स्वतंत्र भारत की पहली जनगणना ने नवगठित राष्ट्र को अपनी जनसंख्या, संसाधनों और सामाजिक संरचना को समझने का आधार दिया था, उसी प्रकार 2027 की डिजिटल जनगणना भारत को डेटा-आधारित शासन के नए युग में प्रवेश कराने वाली है। यह पहल डिजिटल इंडिया अभियान की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक मानी जा रही है, जिसमें मोबाइल एप्लिकेशन, सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल, क्लाउड-आधारित रियल-टाइम डेटा अपलोड, जियो-टैगिंग और डिजिटल डैशबोर्ड जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। भारत में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। उसके बाद कोविड-19 महामारी सहित कई कारणों से 2021 की जनगणना टलती चली गई। परिणामस्वरूप देश को लगभग 14 वर्षों तक पुराने आंकड़ों पर निर्भर रहना पड़ा। इस दौरान भारत में शहरीकरण, प्रवासन, रोजगार संरचना, डिजिटल उपयोग, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनसंख्या वितरण में भारी परिवर्तन हुए हैं। ऐसे में 2027 की जनगणना केवल एक सांख्यिकीय अभ्यास नहीं होगी, बल्कि यह आधुनिक भारत की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करने का माध्यम बनेगी। विशेष बात यह है कि यह पहली बार होगा जब भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इतनी बड़ी जनगणना डिजिटल माध्यम से संचालित की जाएगी। डिजिटल जनगणना का सबसे बड़ा लाभ इसकी गति और दक्षता में दिखाई देता है। पारंपरिक कागजी जनगणना में डेटा एकत्र करने, उसकी जांच करने, कोडिंग, प्रविष्टि और विश्लेषण में दो वर्ष या उससे अधिक समय लग जाता था। लेकिन डिजिटल प्रणाली में डेटा सीधे सर्वर पर अपलोड होगा, जहां स्वचालित सत्यापन और विश्लेषण की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे प्रारंभिक परिणाम दस दिनों के भीतर और अंतिम विस्तृत रिपोर्ट छह से नौ महीनों में उपलब्ध हो सकती है। यह बदलाव केवल समय बचाने तक सीमित नहीं है, बल्कि नीति निर्माण की गति और सटीकता को भी कई गुना बढ़ा सकता है। यदि सरकार के पास समय पर विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध होंगे, तो रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, आवास और शहरी नियोजन जैसी योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा। डिजिटल प्रणाली में त्रुटियों को कम करने की भी व्यापक संभावना है। मोबाइल एप्लिकेशन में प्री-कोडेड विकल्प, ऑटो-फिल, रियल-टाइम वैलिडेशन और जियो-कोडिंग जैसी सुविधाएं होंगी, जिससे गलत प्रविष्टियों की संभावना कम होगी। प्रत्येक भवन को एक विशिष्ट भौगोलिक निर्देशांक से जोड़ा जाएगा, जिससे न केवल भवनों की सही गणना संभव होगी बल्कि विकास योजनाओं के लिए स्थान-आधारित विश्लेषण भी आसान होगा। उदाहरण के लिए, किसी क्षेत्र में स्कूलों, अस्पतालों या जलस्त्रोतों की उपलब्धता का विश्लेषण जनसंख्या घनत्व के साथ जोड़ा जा सकेगा। इससे सरकार को यह समझने में आसानी होगी कि किन क्षेत्रों में संसाधनों की कमी है और कहां निवेश की आवश्यकता अधिक है। डिजिटल जनगणना का एक और महत्वपूर्ण पहलू पारदर्शिता है। नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी भर सकेंगे और उसे सत्यापित कर सकेंगे। इससे सरकारी आंकड़ों के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ सकता है। डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न स्तरों पर प्रगति की निगरानी भी संभव होगी। यह प्रणाली प्रशासनिक जवाबदेही को मजबूत कर सकती है और डेटा संग्रह की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बना सकती है। यदि इसे सफलतापूर्वक लागू किया गया, तो भारत दुनिया के लिए डिजिटल प्रशासन का एक नया मॉडल प्रस्तुत कर सकता है। हालांकि, इन संभावनाओं के साथ गंभीर चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। सबसे बड़ी चुनौती भारत का डिजिटल विभाजन है। आज भी देश के करोड़ों लोग इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों तक समान पहुंच नहीं रखते। ग्रामीण क्षेत्रों, पर्वतीय इलाकों, आदिवासी क्षेत्रों और उत्तर-पूर्व के कई हिस्सों में इंटरनेट कनेक्टिविटी कमजोर या अनुपलब्ध है।

## गाय, राजनीति और समाज



सैयद इसरार हुसैन

भारत की संस्कृति, परंपरा और ग्रामीण जीवन में गाय का स्थान सदियों से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। भारतीय समाज में गाय को केवल एक पशु नहीं, बल्कि आस्था, संवेदना और जीवन उपयोगिता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। गांवों की अर्थव्यवस्था, कृषि व्यवस्था और दुग्ध उत्पादन में गाय की भूमिका हमेशा केंद्रीय रही है। यही कारण है कि समय-समय पर

» **क्या गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाना चाहिए?**

देश में यह मांग उठती रही है कि गाय को भारत का "राष्ट्रीय पशु" घोषित किया जाए।

आज यह मुद्दा केवल धार्मिक भावनाओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि राजनीति, कानून, सामाजिक संतुलन, अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन चुका है। चुनावी मंचों से लेकर सामाजिक संगठनों तक, गाय का विषय लगातार चर्चा और बहस का केंद्र बना हुआ है।

**गाय को राष्ट्रीय पशु बनाने की मांग क्यों?**- गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग करने वाले लोगों का मानना है कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में गाय को विशेष सम्मान प्राप्त है। उनका तर्क है कि जिस प्रकार बाघ को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया गया है, उसी प्रकार गाय को भी राष्ट्रीय पहचान मिलनी चाहिए। समर्थकों का कहना है कि ऐसा होने से गौ संरक्षण के लिए अधिक प्रभावी और सख्त कानून बन सकेंगे तथा अवैध तस्करी और क्रूरता पर नियंत्रण लगाया जा सकेगा।

ग्रामीण भारत में आज भी गाय केवल दूध देने वाला पशु नहीं, बल्कि किसानों की अर्थव्यवस्था का अहम आधार मानी जाती है। जैविक खेती, गोबर गैस और प्राकृतिक कृषि में गाय की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। कई धार्मिक और सामाजिक संगठन इसे भारतीय सभ्यता और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक मानते हैं।

**सरकारें निर्णय लेने से क्यों बचती हैं?**- विशेषज्ञों के अनुसार यह विषय अत्यंत संवेदनशील और बहुआयामी है। भारत एक बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक राष्ट्र है, जहां हर निर्णय का सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव व्यापक होता है। गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का फैसला केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि संवैधानिक, कानूनी और आर्थिक पहलुओं से भी जुड़ा हुआ है।

देश में पशुपालन और मांस निर्यात से जुड़ा उद्योग भी काफी बड़ा है, जिसमें विभिन्न समुदायों और वर्गों के लोग कार्यरत हैं। यही कारण है कि सरकारें इस विषय पर बेहद सावधानी के साथ कदम रखती हैं। कई बार राजनीतिक दलों पर आरोप लगता है कि वे गाय के मुद्दे को चुनावी लाभ के लिए इस्तेमाल करते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर गौशालाओं की स्थिति, पशु चिकित्सा सुविधाओं और आवारा पशुओं की समस्या पर पर्याप्त काम नहीं हो पाता।

**गाय के नाम पर बढ़ता सामाजिक तनाव**- पिछले कुछ वर्षों में गाय के नाम पर हिंसा, मॉब लिंचिंग और सामाजिक तनाव की घटनाओं ने देश को चिंतित किया है। किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर हमला करना, कानून को हाथ में लेना या किसी समुदाय विशेष को निशाना बनाना लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के विरुद्ध है।

यह भी सच है कि गाय के प्रति लोगों की भावनाएं अत्यंत गहरी हैं, लेकिन इन भावनाओं का इस्तेमाल नफरत फैलाने या समाज को बांटने के लिए नहीं होना चाहिए। भारत की असली ताकत उसकी विविधता, सह-अस्तित्व और भाईचारे की संस्कृति में है।

**असली जरूरत : राजनीति नहीं, ठोस नीति**- यदि वास्तव में गौ संरक्षण को मजबूत करना है, तो केवल नारों, भाषणों और चुनावी वादों से समाधान नहीं निकलेगा। इसके लिए देशभर में आधुनिक गौशालाओं का निर्माण, पशु चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार, किसानों को आर्थिक सहायता और आवारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान आवश्यक है।

आज कई राज्यों में किसान आवारा पशुओं से परेशान हैं, जिससे फसलों को भारी नुकसान पहुंचता है। इसलिए गौ संरक्षण की बहस को केवल धार्मिक भावना तक सीमित रखने के बजाय व्यावहारिक और आर्थिक दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है।

**निष्कर्ष**: गाय भारत की संस्कृति, आस्था और ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे लेकर लोगों की भावनाओं का सम्मान होना चाहिए, लेकिन साथ ही संविधान, कानून और सामाजिक सद्भाव को भी सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। किसी भी समुदाय के प्रति नफरत, हिंसा या भेदभाव किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

देश को ऐसी संतुलित नीति की आवश्यकता है, जिसमें गौ संरक्षण के साथ किसानों के हित, कानून व्यवस्था, सामाजिक एकता और आर्थिक संतुलन — सभी पहलुओं का ध्यान रखा जाए। लोकतंत्र में संवेदनशील मुद्दों का समाधान संवाद, समझदारी और जिम्मेदार सोच से ही संभव है।

## मौत और जीवन की सच्चाई -एक वैज्ञानिक पहेली



लेखक - संजय गोस्वामी

मृत्यु के बाद के जीवन की सच्चाई के बारे में जानना एक वैज्ञानिक पहेली है मृत्यु के करीब के अनुभवों पर शोध करने वालों का दूसरा, और सबसे बड़ा समूह, पैरासाइकोलॉजिस्ट का था—वे लोग जिनकी दिलचस्पी ऐसी घटनाओं में थी जो इस वैज्ञानिक मान्यता को चुनौती देती थीं कि मन मस्तिष्क से अलग स्वतंत्र रूप से मौजूद नहीं हो सकता। ये शोधकर्ता, जो ज़्यादातर प्रशिक्षित वैज्ञानिक थे और सुस्थापित शोध पद्धतियों का पालन करते थे, यह मानने लगे थे कि मृत्यु के करीब के अनुभव इस बात का प्रमाण देते हैं कि व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी चेतना बनी रह सकती है। उनमें से कई चिकित्सक और मनोचिकित्सक थे, जो आइसीयू में इलाज किए गए मरीज़ों से मृत्यु के करीब के अनुभवों की कहानियाँ सुनकर गहरे प्रभावित हुए थे। उनका उद्देश्य चेतना के बारे में अपने सिद्धांतों को अनुभवजन्य रूप से परखने के तरीके खोजना, और मृत्यु के करीब के अनुभवों के अध्ययन को एक वैध वैज्ञानिक प्रयास बनाना था। मरीजों की अधिकांश संख्या में अंत में डिफिब्रिलेशन के कारण मौत हो जाती है जिसे कार्डिक अटैक लोग मानते हैं लेकिन डिफिब्रिलेशन, जिसे कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन या सीपीआर के नाम से जाना जाता है, को औपचारिक रूप दिया गया। कैलिफोर्निया हॉस्पिटल में इस तरह के मौत के तुरंत बाद, डॉक्टरों और आम लोगों को सीपीआर की तकनीकें सिखाने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया गया, और जल्द ही लोग ऐसी संख्या में फिर से जीवित किए जाने लगे, जिसकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी—भले ही यह संख्या अभी भी कम ही थी। जैसे-जैसे ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को फिर से जीवित किया जाने लगा, वैज्ञानिकों ने सीखा कि मृत्यु, अपने सबसे गंभीर और अंतिम चरणों में भी, कोई एक बिंदु नहीं, बल्कि एक प्रक्रिया है। कार्डियक अरेस्ट (दिल का दौरा) के बाद, शरीर में खून और ऑक्सीजन का संचार रुक जाता है, कोशिकाएँ टूटने लगती हैं, और दिमाग की सामान्य विद्युत गतिविधि बाधित हो जाती है। लेकिन अंग तुरंत और हमेशा के लिए काम करना बंद नहीं कर देते, और दिमाग का काम करना भी पूरी तरह से बंद नहीं हो जाता। अक्सर, जीवन में वापस लौटने की संभावना अभी भी बनी रहती है। कुछ मामलों में, कोशिकाओं की मृत्यु को रोका जा सकता है या उसकी गति काफी धीमी की जा सकती है, दिल को फिर से चालू किया जा सकता है, और दिमाग के काम करने की क्षमता को बहाल किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में, मृत्यु की प्रक्रिया को उलटा जा सकता है।अमेरिका के वैज्ञानिक मूडी उनके सबसे महत्वपूर्ण थे; उन्होंने बाद में दावा किया कि उनके कई पिछले जन्म हुए थे और उन्होंने ग्रामीण अलबामा में एक साइकोमैंटियम बनाया, जहाँ लोग कम रोशनी वाले शीशे में देखकर मरे हुए लोगों की आत्माओं को बुलाने की कोशिश कर सकते थे। अब यह कोई अनोखी बात नहीं रह गई है कि लोगों को चिकित्सकीय रूप से मृत घोषित किए जाने के छह घंटे बाद भी फिर से जीवित कर दिया जाए। 2011 में, जापानी डॉक्टरों ने एक युवती का मामला बताया, जो एक सुबह जंगल में मिली थी; पिछली रात ड्रग्स की ज़्यादा खुराक लेने से उसका दिल काम करना बंद कर चुका था। उसके शरीर में खून और ऑक्सीजन का संचार बनाए रखने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके, डॉक्टर उसे छह घंटे से भी ज़्यादा समय बाद फिर से जीवित करने में सफल रहे, और तीन हफ़्ते तक देखभाल के बाद वह अस्पताल से अपने पैरों पर चलकर बाहर निकली। 2019 में, ऑड्रे शोमैन नाम की एक ब्रिटिश महिला, जो एक बर्फीले तूफ़ान में फँस गई थी, छह घंटे तक कार्डियक अरेस्ट में रही; इसके बाद डॉक्टरों ने उसे फिर से जीवित कर दिया, और उसके दिमाग को कोई स्पष्ट नुकसान भी नहीं पहुँचा था। बेकर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि इस क्षेत्र के लिए इससे ज़्यादा रोमांचक समय कभी आया होगा। हम नई दवाएँ खोज रहे हैं, नए उपकरण खोज रहे हैं, और दिमाग के बारे में नई-नई बातें जान रहे हैं। दिमाग ही शरीर का सबसे पेचीदा हिस्सा है और जब ब्रेन काम करना बन्द कर देता है तो डॉ इसे मौत मानते हैं जनवरी 2021 में, जब कोविड -19 महामारी अपने सबसे घातक दौर की ओर तेज़ी से बढ़ रही थी—जो इतिहास का सबसे घातक हफ़्ता साबित होने वाला था—तब नेटफ्लिक्स में सरवाईविंग डेथ नाम की एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज़ रिलीज़ की। इसके पहले एपिसोड में, मृत्यु के करीब पहुँचने के अनुभवों का अध्ययन करने वाले कुछ सबसे जाने-माने पैरालॉजिस्टों ने अपने तर्कों का मूल निचोड़ पेश किया। उनका मानना है कि मृत्यु के करीब पहुँचने के अनुभव यह साबित करते हैं कि चेतना का अस्तित्व दिमाग से स्वतंत्र होता है। यूनिवर्सिटी ऑफ़ वर्जीनिया में साइकियाट्री के एमेरिटस प्रोफ़ेसर और इंटरनेशनल एसोसिएशन फ़ॉर नियर-डेथ स्टडीज़ के संस्थापक सदस्यों में से एक, ब्रूस ग्रेसन डॉक्यूमेंट्री में कहते हैं, "जब दिल धड़कना बंद कर देता है, तो लगभग 20 सेकंड के अंदर ही ब्रेन की एक्टिविटी पूरी तरह से बंद हो जाती है, जिसे फ़्लैटलाइनिंग कहते हैं।" वह आगे दावा करते हैं, "इसके बावजूद, लोगों को नियर-डेथ एक्सपीरियंस (मौत के करीब का अनुभव) होता है, जबकि वे इस समय से भी ज़्यादा देर तक फ़्लैटलाइन (ब्रेन की एक्टिविटी बंद) रहे होते हैं।" यह पैरासाइकोलॉजिस्ट्स के तर्कों का एक मुख्य आधार है: अगर ब्रेन की एक्टिविटी के बिना भी चेतना मौजूद रहती है, तो इसका मतलब है कि चेतना ब्रेन से कहीं बाहर मौजूद है। कुछ पैरासाइकोलॉजिस्ट्स का मानना है कि यह एक "नॉन-लोकल" शक्ति है जो पूरे ब्रह्मांड में फैली हुई है, ठीक वैसे ही जैसे इलेक्ट्रोमैग्नेटिज़्म। यह शक्ति ब्रेन द्वारा ग्रहण की जाती है, लेकिन ब्रेन इसे खुद पैदा नहीं करता; ठीक वैसे ही जैसे एक टेलीविज़न किसी ब्रॉडकास्ट को ग्रहण करता है।शरीर को चलाने हेतु अंदर चेतना की आवश्यकता होती है जो आत्मा का ही रूप है और जब शरीर से आत्मा निकल जाती है तो शरीर निष्क्रिय हो जाता है लेकिन आत्मा को इसका आभास होता है और आत्मा का भटकाव चालू होता है इसलिए शान्ति की प्रार्थना करते हैं और अंत में राम नाम सत्य है का नारा इसलिए दिया जाता है कि राम ही तुम्हे शान्ति प्रदान कर आत्मा को परमात्मा से मिला सकता है क्योंकि भगवान राम ने कई लोगों को मौत से बाहर निकाला है जैसे अहिल्या पत्थर की थी निर्जीव जो मौत की तरह ही था लेकिन उसकी आत्मा राम के ध्यान में डूबी थी इसलिए भगवान राम जीवनदान दे देते हैं एक और उदाहरण के अनुसार भगवान राम जब बाली को कोने से छिप कर मारते हैं तो बाली जब मौत के करीब था तो उसने कहा छिप कर क्यों मारा, बाद में भगवान राम कहते हैं कि यदि लगता है छल से मारा है तो मैं पुनः जीवन दे सकता हूँ लेकिन बाली ने मोक्ष माँगा और ऐ घटना रामायण में है रावण को तो अमरता का वरदान मिला फिर भी भगवान राम उसके अधर्मी होने के कारण मौत दे देते हैं और अंतिम संस्कार भी करते हैं जिसका उद्देश्य ऐ है की मौत के बाद शरीर निष्क्रिय हो जाता है और जो उसके अंदर उसको सही गलत करा रहा था वो आत्मा निकल गई अतः मौत और उसके बाद आत्मा एक रहस्य की तरह है जिसे जानने की कोशिश में कई संत ने समाधि तो लगा दि लेकिन बाद में आत्मा को शरीर में प्रवेश पाने में विफल रहें।

# दिल्ली ने केकेआर को 40 रन से हराया

## स्टार्क-कुलदीप की घातक गेंदबाजी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल की अर्धशतकीय पारी साथ ही मिचेल स्टार्क और कुलदीप यादव की घातक गेंदबाजी के दम पर केकेआर को उनके घरेलू मैदान पर 40 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ दिल्ली ने इस सीजन का समापन जीत के साथ किया तो वहीं केकेआर को निराशा मिली। इस मैच में दिल्ली की गेंदबाजी के सामने केकेआर की बैटिंग लाइनअप पूरी तरह से बिखर गई और सिर्फ मायूसी इस टीम के हाथ लगी। हालांकि दिल्ली और केकेआर पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है लिहाजा इन दोनों टीमों का सफर इस सीजन में यहीं पर खत्म हुआ।

आईपीएल 2026 के 70वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स के साथ वानखेड़े स्टेडियम में हुआ। इस मुकाबले में केकेआर ने टॉस जीत लिया है और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली ने केकेआर के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए केएल राहुल की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 203 रन बनाए और विरोधी टीम को जीत के लिए 204 रन का टारगेट दिया। केकेआर ने दूसरी पारी में 18.4 ओवर में 163 रन बनाए और ऑलआउट हो गई। कुलदीप यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**केएल राहुल ने लगाया अर्धशतक–** अभिषेक पोरेल ने केकेआर के खिलाफ 22 रन की पारी खेली जबकि साहिल पारख ने 24 रन की पारी खेली। केएल राहुल ने 25 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और 60 रन बनाकर आउट हो गए। कप्तान अक्षर पटेल ने 39 रन की पारी खेली और आउट हो गए। डेविड मिलर 19 गेंदों पर 28 रन बनाकर आउट हो गए। केकेआर के लिए सौरव दुबे ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए।

अजिंक्य रहाणे ने लगाया अर्धशतक

केकेआर के ओपनर फिन एलन ने दिल्ली के खिलाफ 20 रन की पारी खेली और आउट हुए। कप्तान रहाणे ने 31 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और 63 रन बनाकर आउट हुए। रिंकू सिंह डक पर आउट हो गए जबकि तेजस्वी दाहिया एक रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। रोवमैन पॉवेल 29 रन बनाकर आउट हो गए जबकि अनूकुल रॉय ने 9 रन की पारी खेली। कुलदीप यादव ने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। स्टार्क ने 2 जबकि एनगिडी को भी 3 सफलता मिली।

# नॉर्वे को 28 वर्षों बाद फीफा वर्ल्ड कप में पहुंचाने वाले खिलाड़ी

## जो कहलाते 'गोल-मशीन'

**नई दिल्ली।** नॉर्वे के फुटबॉलर एर्लिंग ब्रूट हालैंड को 'गोल–मशीन' कहा जाता है। 21 जुलाई 2000 को इंग्लैंड के लीड्स में जन्मे एर्लिंग एथलीट परिवार से हैं। उनके पिता अल्फ–इंगे हालैंड एक प्रोफेशनल फुटबॉलर थे। मां ग्राय मारिता ब्राउन हेप्टाथलॉन में नाम कमा चुकी हैं, जबकि दादा नॉर्वे में एक मशहूर धावक थे। महज 5 साल की उम्र में ही एर्लिंग वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके थे। जनवरी 2006 में एर्लिंग हालैंड ने खड़े होकर 1.63 मीटर की छलांग लगाई और सबसे लंबी कूद का रिकॉर्ड अपने नाम किया था। जन्मजात एथलीट एर्लिंग हालैंड की परवरिश नॉर्वे में हुई, जहां उन्होंने बेहद कम उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू कर दिया।

छक्के लगाने में वैभव तो चौके लगाने में

# साई सुदर्शन ने मारी बाजी

70 मैचों के बाद सबसे ज्यादा 6-4 लगाने वाले टॉप-5 बैटर्स





**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का लीग स्टेज समाप्त हो चुका है और अब बारी प्लेऑफ मैचों की है। आरसीबी, गुजरात, हैदराबाद और राजस्थान की टीमें टॉप-4 में पहुंच चुकी है और अब फाइनल में पहुंचने के लिए इन सबके बीच मुकाबले होंगे। इससे पहले इस सीजन में सभी 10 टीमों के बीच टॉप-4 में पहुंचने की होड़ थी जिसमें इन चार टीमों को सफलता मिली। इस सीजन में कुल 70 लीग मैच खेले गए जिसमें ऐसे खिलाड़ियों की कमी नहीं रही जिन्होंने खूब चौके व छक्के लगाए। आइए बताते हैं कि इन 70 मैचों में सबसे ज्यादा छक्के और चौके लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाज कौन-कौन रहे।

**70 मैचों में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाज–** इस सीजन के लीग स्टेज में यानी 70 लीग मुकाबलों में छक्के लगाने के मामले में राजस्थान के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने बाजी मारी और उन्होंने 14 मैचों में कुल 53 छक्के लगाए।

## चौके लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाज

70 लीग मैचों के बाद सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर गुजरात के ओपनर साई सुदर्शन रहे जिन्होंने 14 मैचों में 62 चौके लगाए जबकि 14 मैचों में 59 चौके लगाते हुए आरसीबी के बैटर विराट कोहली दूसरे स्थान पर रहे। तीसरे नंबर पर शुभमन गिल रहे जिन्होंने 13 मैचों में 57 चौके लगाए जबकि इशान किशन भी उनके साथ इसी नंबर पर 14 मैचों में 57 चौके लगाकर रहे। चौथे स्थान पर केएल राहुल रहे जिन्होंने 14 मैचों में 56 चौके जड़े जबकि 14 मैचों में 55 चौकों के साथ प्रभसिमरन सिंह पांचवें नंबर पर रहे।

## वैभव, संजू से लेकर श्रेयस तक

# IPL 2026 के 70 लीग मैचों में लगे 14 शतक, 13 खिलाड़ियों में 8 भारतीय शामिल







**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 70 लीग मैच खत्म हो चुके हैं और इन मैचों में ऐसे खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं रही जिन्होंने अपनी–अपनी टीमों के लिए खूब रन बनाए साथ ही साथ शतक लगाने का भी कमाल किया। लीग स्टेज के 70 मैचों में इस सीजन में कुल 14 शतक लगे और इस दौरान 13 खिलाड़ियों ने ये उपलब्धि अपने नाम करने का गौरव हासिल किया।

**लीग स्टेज में 8 भारतीय जबकि 5 विदेशी खिलाड़ियों ने जड़े शतक–** आईपीएल 2026 के लीग स्टेज में यानी 70 लीग मैचों में 13 खिलाड़ियों ने शतक लगाए जिसमें 8 भारतीय और 5 विदेशी खिलाड़ी शामिल रहे। 8 भारतीय खिलाड़ियों में संजू सैमसन, साई सुदर्शन, केएल राहुल, वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा शामिल रहे जबकि जिन 5 विदेशी खिलाड़ियों ने शतक लगाए उसमें मिचेल मार्श, कूपर कोनोली, रयान रिकेल्टन, फिन एलन और क्विंटन डिकॉक शामिल रहे। इस सीजन में संजू सैमसन ने इन खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा 2 शतक लगाए जबकि अन्य खिलाड़ियों ने एक–एक शतक जड़े।

**केएल राहुल ने खेली सबसे बड़ी पारी–** आईपीएल के लीग स्टेज में अगर सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने की बात की जाए तो इसमें पहले स्थान पर दिल्ली के बैटर केएल राहुल रहे जिन्होंने 152 रन की पारी खेली। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैदराबाद के ओपनर अभिषेक शर्मा रहे जिन्होंने 135 रन की पारी खेली जबकि मुंबई के ओपनर रयान रिकेल्टन 123 रन की पारी खेलकर तीसरे नंबर पर रहे।

मुंबई इंडियंस को हरा प्लेऑफ में पहुंच राजस्थान रॉयल्स

# सूर्यकुमार-हार्दिक की मेहनत पर फिरा पानी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 69वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 30 रनों से हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई। एलिमिनेटर में उसका सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। राजस्थान रॉयल्स ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन बनाए।



मुंबई इंडियंस ने 206 रन के लक्ष्य के जवाब में 9 विकेट पर 175 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने बेहतरीन अर्धशतक जड़ा, लेकिन उनकी मेहनत पर पानी फिर गया। हार्दिक पंड्या ने भी अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। राजस्थान रॉयल्स के लिए जोफ्रा आर्चर ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन किया। मुंबई इंडियंस के लिए सूर्यकुमार यादव ने 60, जबकि कप्तान हार्दिक पंड्या ने 34 और विल जैक्स ने 33 रन का योगदान दिया। आर्चर ने पहले ओवर में रोहित शर्मा को खाता खोले बिना विकेट के पीछे कैच कराने के बाद दूसरे ओवर में नमन धीर (छह) को बोल्ड किया। नांद्रे बर्गर ने आक्रामक दिख रहे रयान रिकल्टन (12) को वैभव सूर्यवंशी के हाथों कैच कराकर मुंबई की कमर तोड़ दी। इससे पहले राजस्थान की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती रही, लेकिन ध्रुव जुरेल ने 26 गेंद में 38, आर्चर ने 15 गेंद में 32, दासुन शनाका ने 15 गेंद में 29 और यशस्वी जायसवाल ने 17 गेंद में 27 रन का अहम योगदान दिया।

विश्व फुटबॉल दिवसः जिंक फुटबॉल अकादमी ने 1,400 से अधिक युवाओं को दिया नया मंच

# भारत में फुटबॉल को नई रफ्तार

**उदयपुर।** विश्व फुटबॉल दिवस के अवसर पर, हिंदुस्तान जिंक की जिंक फुटबॉल अकादमी (जेडएफए) ने भारत में फुटबॉल के विकास और उन्नति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। युवा जीवन को आकार देने में फुटबॉल की परिवर्तनकारी शक्ति का जश्न मनाते हुए, जिंक फुटबॉल ने पिछले एक वर्ष में ही जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को पोषित करने और भारत की फुटबॉल संबंधी आकांक्षाओं को साकार करने के अपने प्रयास में 1,400 से अधिक युवा लड़कों और लड़कियों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। यह सीज़न ZFA के सफर में एक मील का पत्थर साबित हुआ है। अकादमी ने तीसरी बार राजस्थान स्टेट मेन्स लीग का खिताब जीता, जो प्रतियोगिता में सबसे युवा टीमों में से एक के साथ हासिल की गई एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो इसके



मजबूत विकास पथ को रेखांकित करती है। राष्ट्रीय स्तर पर, ZFA की अंडर-18 टीम AIFF अंडर-18 एलीट लीग में उपविजेता रही और भारत की दूसरी सर्वश्रेष्ठ अंडर-18 टीम के रूप में उभरी। एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, ज़ावर अकादमी ने भारतीय फुटबॉल के शीर्ष स्तरों में से एक, आई-लीग 3 में पदार्पण किया। लड़कियों की टीम ने भी अपने पदार्पण के महज एक साल के भीतर ही असाधारण प्रदर्शन किया, दून कप, डीएवी अंडर-19 नेशनल और अस्मिता फुटबॉल लीग में खिताब जीते, और वर्तमान में चल रही राजस्थान सीनियर महिला लीग में अंक तालिका में शीर्ष पर है, जो जेडएफए में महिला फुटबॉल के तेजी से विकास को दर्शाता है।

'फुटबॉल सपनों को साकार करता है। ज़िंक फुटबॉल अकादमी भविष्य का निर्माण करती है' के मूल सिद्धांत से प्रेरित होकर, ZFA एक जमीनी पहल से विकसित होकर एक पेशेवर फुटबॉल प्रणाली बन गई है। सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देते हुए, अकादमी विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, सुव्यवस्थित कोचिंग पद्धतियों और प्रौद्योगिकी आधारित प्रदर्शन विश्लेषण को मिलाकर भारतीय फुटबॉलरों की अगली पीढ़ी को तैयार करती है।

खेल के मैदान से परे, अकादमी एक सच्चे छात्र-एथलीट मॉडल को बढ़ावा देती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक खिलाड़ी की शिक्षा का ध्यान रखा जाए, और वह भी पूर्ण छात्रवृत्ति के आधार पर।

व्यापार

# व्हाट्सएप ग्रुप से सात समंदर पार पहुंचा दिया अपने काम का जादू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिचा शर्मा मूल रूप से बरेली की हैं। अब वह मुंबई में रहती हैं। उन्होंने बहुत कम समय में सफल ब्रांड खड़ा कर दिया है। इसका नाम 'हम्बल फ्लेवर्स' है। साल 2020 में रिचा ने इसकी नींव रखी थी। बिना किसी डिजिटल मार्केटिंग और विज्ञापन के इसने अपनी अलग पहचान बनाई है। सिर्फ 'वर्ड-ऑफ-माउथ' के दम पर आज यह छोटा सा घरेलू बिजनेस इंटरनेशनल ब्रांड बन चुका है। यह सफर मुंबई की एक सोसाइटी के व्हाट्सएप ग्रुप से शुरू हुआ था। अब हर महीने यह 500 से अधिक ऑर्डर पूरे कर रहा है। इसके तहत भारत के कोने-कोने सहित दुनिया के 15 से अधिक देशों में शुद्ध देसी घी से बने हेल्दी लड्डू और स्नैक्स पहुंचाए जा रहे हैं। इससे लाखों की कमाई होने लगी है। आइए, यहां रिचा शर्मा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। दोस्तों की सलाह पर रिचा ने साल 2019 में 'रिचाज प्लेटर' नाम से शुरुआत की। हालांकि, शुरुआत में उन्हें थोड़ा संशय था कि आधुनिक दौर में लोग उनके पारंपरिक पकवान खरीदेंगे या नहीं। लेकिन, जब उन्होंने अपनी सोसाइटी के व्हाट्सएप ग्रुप पर ऑर्डर लेना शुरू किया तो लोगों को उनके हाथ के बने आटे और बेसन के लड्डू बहुत पसंद आए। वीकेंड किचन का यह काम तेजी से बढ़ने लगा। इसके बाद 2020 में आई कोरोना महामारी के दौरान जब लोगों की इम्युनिटी कम हो रही थी और वे सेहत को लेकर फिक्रमंद थे तब रिचा ने अपने इस काम को नया रूप देकर एक डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर ब्रांड 'हम्बल फ्लेवर्स' की ऑफिशियल नींव रखी। जैसे-जैसे स्वाद की तारीफ फैली रिचा के पास मुंबई के दूर-दराज के इलाकों के अलावा पंजाब, उत्तर प्रदेश और कोयंबटूर जैसे राज्यों से भी ऑर्डर आने लगे। साल 2021 में उनके पति ने ब्रांड की वेबसाइट लॉन्च की। इससे विदेशों से भी ऑर्डर मिलने का रास्ता साफ हुआ।


# अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के नेट प्रॉफिट में भारी गिरावट, खर्च बढ़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। मार्च तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट वित्त वर्ष 2025–26 की जनवरी–मार्च की चौथी तिमाही में घटकर 918.07 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इसके पीछे बढ़ते खर्चों को प्रमुख कारण बताया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 4,387.08 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया था। मार्च तिमाही में कंपनी की कुल इनकम भी घटकर 4,154.34 करोड़ रुपये रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 4,268.05 करोड़ रुपये थी। वहीं, कुल खर्च बढ़कर 5,419.87 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 4,827.97 करोड़ रुपये था। इस दौरान बिजली खरीद लागत में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई। जनवरी–मार्च तिमाही में बिजली खरीद पर कंपनी का खर्च बढ़कर 3,285.68 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 2,739.62 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष 2025–26 में कंपनी का नेट प्रॉफिट घटकर 2,900.23 करोड़ रुपये रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2024–25 में यह 4,937.52 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष में कंपनी की आय भी घटकर 20,862.03 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 23,999.29 करोड़ रुपये थी। इस बीच, कंपनी ने नेतृत्व स्तर पर बदलाव की घोषणा भी की है। कंपनी ने विजेश बाबू थोता को 23 मई से मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। इससे पहले वह कंपनी में मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) थे। साथ ही, आशीष चतुर्वेदी को नया सीएफओ नियुक्त किया गया।

## टॉप अधिकारी ने सामने रख दिए ऑप्शन

# पेट्रोल-डीजल की कीमत और बढ़ानी पड़ सकती है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एचआर डायरेक्टर राज कुमार दुबे ने आगाह किया है। उन्होंने कहा है कि अगर मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट जारी रहता है तो खुदरा ईंधन की कीमतों में और बढ़ोतरी होना शायद टाला न जा सके। यानी पेट्रोल–डीजल की कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने पॉलिसीमेकर्स के सामने तीन ऑप्शन रखे हैं। कारण है कि कच्चे तेल (क्रूड) के बाजारों में लगातार उतार–चढ़ाव बना हुआ है। दुबे ने कहा, 'अब हमारे पास दो या तीन विकल्प खुले हैं। पहला विकल्प है कीमतों में बढ़ोतरी। दूसरा, यह बढ़ोतरी सीधे पेट्रोल पंपों पर दिखे या फिर पेट्रोलियम कंपनियां नुकसान खुद उठाएं और उनका घाटा बढ़ता जाए। तीसरा विकल्प है सरकार की ओर से घाटे की भरपाई




के लिए फंड उपलब्ध कराया जाए यानी डेफिसिट फाइनेंसिंग।' उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में हुई 20 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी को शुरू में टेम्परेरी माना गया था। लेकिन, जिस तरह से हालात सामने आ रहे हैं, लगता है कि यह सिलसिला अभी जारी रहेगा। पहले हमारे पास सप्लाई के सिर्फ 20 केंद्र (सप्लाई पॉइंट्स) हुआ करते थे। अब हमने इन केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 40 कर दी है। इसमें रूस भी शामिल है। ऊर्जा से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान की ओर इशारा करते हुए दुबे बोले, 'इसकी मरम्मत में ही काफी समय लग जाएगा।

## तेज होगा ग्रीन एनर्जी की ओर शिफ्ट

दुबे के अनुसार, इस संकट की वजह से भारत में ग्रीन एनर्जी की ओर बदलाव की प्रक्रिया में भी तेजी आने की उम्मीद है। 200 से ज्यादा सोलर एनर्जी उत्पादन क्षमता स्थापित हो जाने के बाद अब इस बदलाव की रफ्तार और तेज होगी। अधिकारी ने कहा, 'ऐसा इसलिए है क्योंकि एनर्जी के आयात पर होने वाले भारी खर्च की वजह से विदेशी मुद्रा से जुड़ी जिस तरह की समस्याएं खड़ी होती हैं, उन्हें देखते हुए मुझे पूरा यकीन है कि अब हम ग्रीन एनर्जी के विकल्पों को अपनाने की दिशा में और भी तेज़ी से आगे बढ़ेंगे।' दुबे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस टारगेट पर जोर दिया, जिसके तहत नेचुरल गैस की हिस्सेदारी को मौजूदा 7–8 प्रतिशत से बढ़ाकर कुल ऊर्जा मिश्रण में 15 प्रतिशत तक ले जाना है। साथ ही (कम्प्रेस्ड बायो गैस) को भी जबरदस्त बढ़ावा देना है। उन्होंने 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण की पहल को बहुत ही सक्रिय कदम बताया। कहा कि इसके बिना पेट्रोल की 20 प्रतिशत ज्यादा कमी हो सकती थी। इसका असर विदेशी मुद्रा भंडार पर भी पड़ता। दुबे ने कहा कि ग्रीन एनर्जी, सोलर और हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में डायवर्सिफिकेशन लाना अब भी सबसे अहम है।

### क्यों बढ़ रहे पेट्रोल-डीजल के दाम

अमेरिका और इजराइल की तरफ से 28 फरवरी को ईरान पर किए गए हमले के बाद दोनों पक्षों में छिड़े संघर्ष से वैश्विक तेल की आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य अवरुद्ध हो गया है। इससे कच्चे तेल की वैश्विक कीमतें 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई हैं। खुदरा ईंधन विक्रेताओं ने इस बढ़ती लागत के बावजूद पेट्रोल पंपों पर कीमतें कम रखी थीं। सरकार ने इसे उपभोक्ताओं को महंगाई से बचाने के उद्देश्य से उठाया गया कदम बताया था। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया कि सरकार प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के संपन्न होने का इंतजार कर रही थी। इस बीच, सरकार का कहना है कि कीमतों में इस वृद्धि के बावजूद, खुदरा ईंधन विक्रेताओं को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# एक बार हो चुका फेल, अब बांग्लादेश ने फिर जारी किया इंटरनेशनल टेंडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश ने रविवार को बंगाल की खाड़ी में 26 ऑफशोर ब्लॉक में तेल और गैस की खोज के लिए एक इंटरनेशनल टेंडर जारी किया। इसमें विदेशी कंपनियों के लिए पहले से ज्यादा आकर्षक शर्तें हैं। इसका मकसद देश में गैस की बढ़ती कमी से निपटना है। साथ ही महंगी एलएनजी के आयात पर निर्भरता कम करना है। ऑफशोर तेल और गैस ब्लॉक समंदर के भीतर तय किए गए वे भौगोलिक क्षेत्र होते हैं, जिन्हें सरकारें कंपनियों को क्रूड और नेचुरल गैस की खोज के लिए पट्टे (लीज) पर देती हैं। बांग्लादेश की कहानी भारत से इसलिए अलग है क्योंकि अब तक उसे समंदर में कोई गैस भंडार तलाश पाने में कामयाबी नहीं मिली है। बांग्लादेश को गैस के घटते भंडार और आयातित लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) पर बढ़ती निर्भरता का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, ऊर्जा की कीमतें भू-राजनीतिक तनाव और ईरान युद्ध से जुड़ी सप्लाई में रुकावटों के कारण अस्थिर बनी हुई हैं। ऊर्जा मंत्री इकबाल हसन महमूद ने बताया, 'हमने अंतरराष्ट्रीय कंपनियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए शर्तों को पहले से ज्यादा आकर्षक बनाया है। यह ऑफशोर टेंडर घरेलू गैस सप्लाई बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने की सरकार की कार्ययोजना का एक हिस्सा है।' संशोधित के तहत, कंपनियां एक्सप्लोरेशन फेज के दौरान खोज क्षेत्र का केवल 20 प्रतिशत हिस्सा ही वापस करेंगी। जबकि पहले यह सीमा 50 प्रतिशत थी। वर्कर्स के वेलफेयर फंड में जरूरी कॉन्ट्रिब्यूशन को भी 5 प्रतिशत से घटाकर 1.5 प्रतिशत कर दिया गया है। अधिकारियों को उम्मीद है कि ये संशोधित



शर्तें निवेशकों की रुचि को फिर से जगाएंगी। इससे पहले, मार्च 2024 में बांग्लादेश का पिछला ऑफशोर लाइसेंसिंग दौर असफल रहा था। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों की ओर से डेटा पैकेज खरीदने के बावजूद उस दौर में एक भी बोली हासिल नहीं हुई थी। इस टेंडर के तहत बंगाल की खाड़ी में 15 गहरे पानी वाले (डीप-वॉटर) और 11 कम गहरे पानी वाले (शैलो-वॉटर) ब्लॉक की पेशकश की जा रही है। पेट्रोबांग्ला ने बताया कि भूवैज्ञानिक और संबंधित डेटा वाला एक बुनियादी सूचना पैकेज 1 जून से उपलब्ध होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)